



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 16 अंक - 193 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 27 अप्रैल 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### छत्तीसगढ़ में गिरेंगे ओले, 50 की स्पीड से चलेंगी हवाएं; कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**रायपुर।** मौसम विभाग की मानें तो 26 से 29 अप्रैल के दौरान पूर्वी और आसपास के मध्य भारत में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश का एक नया दौर देखा जाएगा। इस वेदर सिस्टम का असर छत्तीसगढ़ में भी देखा जाएगा। मौसम विभाग ने 26 से 30 अप्रैल के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से तेज हवाएं चलने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। सूबे के कुछ हिस्सों में ओले पड़ने का भी अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ के सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, बालोद, धमतरी, बालोदाबाजार, गरियाबंद, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान रायपुर समेत कहीं कहीं हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक देखी जा सकती है।

मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के राजनादगांव, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद, बालोदाबाजार, जांजगीर चंपा, मुंगेली, बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा जिलों के अलग-अलग हिस्सों में तूफानी हवाओं और गरज चमक के साथ बारिश और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान रायपुर समेत सुबे के अलग अलग हिस्सों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से हवाएं चल सकती हैं।

28 अप्रैल को प्रदेश के कई जिलों में तूफानी हवाओं के साथ ओले गिरने और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं 29 और 30 जिलों में भी छत्तीसगढ के विभिन्न जिलों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया है।

### शिक्षिका से 6 लाख की ठगी, पार्सल के लालच में गंवाई लाखों रुपए

**बिलासपुर।** पार्सल भेजने का झांसा देकर शिक्षिका से 6 लाख 25 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। शिक्षिका को ठगी का अहसास तब हुआ जब लगातार पैसे मांगे जाने के बावजूद पार्सल नहीं मिला। पीड़िता ने तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जहां पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। तोरवा पुलिस के अनुसार, कासिमपारा स्वास्तिक कॉलोनी निवासी टी. प्रतिमा होली क्रास स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उनको 15 फरवरी 2025 को उनके पुराने कॉलेज मित्र पीटर शारोनलियो के नाम से एक मैसेज मिला। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और फिर एक महिला, जिसने खुद को 'जेजी' बताया, ने 2 मार्च को कॉल कर बताया कि पीटर ने उनके नाम से एक पार्सल भेजा है, जिसे प्राप्त करने के लिए पिकअप चार्ज के रूप में 18 हजार रुपए जमा करने होंगे। शिक्षिका ने विश्वास करते हुए अलग-अलग तारीखों पर विभिन्न बैंक खातों में बड़ी रकम जमा कर दी। 4 मार्च को 18,500 रुपए, 6 मार्च को 50,000 रुपए, 18 मार्च को 2 लाख 50 हजार रुपए, 23 मार्च को 80 हजार रुपए, 28 मार्च को 46 हजार रुपए, 31 मार्च को 1 लाख रुपए और 1 अप्रैल को 80 हजार रुपए। कुल मिलाकर उन्होंने 6 लाख 24 हजार 500 रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम जमा कराने के बावजूद पार्सल नहीं पहुंचा, तब शिक्षिका को धोखाधड़ी का अंदेशा हुआ और उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुर्ग-भिलाई में भी पाकिस्तानियों की तलाश, तड़के 4 बजे से पुलिस ने शुरु की जांच, संदिग्ध भी मिले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में पाकिस्तान के रहवासियों को वापस अपने देश जाने का अल्टिमेटम दे दिया गया। वैध दस्तावेजों के साथ देश में आए पाकिस्तानी वापस लौटने लगे हैं। इस बीच देश भर में अवैध रूप से देश में रह रहे पाकिस्तानी व विदेशी नागरिकों की पहचान की जा रही है। दुर्ग भिलाई में रविवार तड़के पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई की गई और संदिग्धों की जांच की गई। दुर्ग पुलिस की तीन अलग-अलग टीम ने एएसपी के नेतृत्व में छापेमारी की।

एसपी विजय अग्रवाल ने एएसपी सुखनंदन राठौर, एएसपी अभिषेक झा और एएसपी पद्मश्री तंवर के नेतृत्व में तीन अलग-अलग टीमें बनाई। सभी अधिकारियों ने तड़के साढ़े 4 बजे पूरे पुलिस बल के साथ रेड मारी। एएसपी अभिषेक झा ने दुर्ग में मोहन नगर थाना इलाके के उरला क्षेत्र स्थित बॉम्बे आवास में छापामारी की। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने भिलाई तीन थाना इलाके के हथखोज इलाके में तथा एएसपी पद्मश्री तंवर ने सुपेला थाना क्षेत्र के सुपेला मस्जिद के पीछे वाले हिस्से में छापेमारी की है।



### जांच के दौरान मिले वारंटियों के साथ संदिग्ध

जांच के दौरान पुलिस को कुछ वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि उरला क्षेत्र के बॉम्बे आवास में जब छापेमारी की गई तो इस दौरान 4 फरार वारंटी मिले। चारों वारंटियों को हिरासत में लिया गया। एक चोरी की स्कूटी भी पुलिस ने बरामद की गई है जो कि रायपुर के सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में चोरी हुई थी। इसके अलावा चोरी व लूट करने वाले दो बदमाश भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। सभी को मोहन नगर थाने ले जाया गया जहां पूछताछ की जा रही है। एएसपी ने कहा कि पुलिस की जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में पुलिस की दबिश

दुर्ग पुलिस की टीमों ने दुर्ग-भिलाई के मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में छापेमारी की है। पुलिस को आशंका है कि पाकिस्तान में भी इनके रिश्तेदार हो सकते हैं और कहीं न कहीं पाकिस्तान के नागरिक इन इलाकों में पहचान छिपाकर या अवैध रूप से रह रहे होंगे। पुलिस ने जांच के दौरान घरों की तलाशी ली और लोगों के डाक्यूमेंट चेक किए। आधार, पैन के साथ इन लोगों के फिंगर प्रिंट भी लिए गए। पुलिस ने ऐप के जरिए इनके दस्तावेजों का मिलान करेगी जिससे इनका रिकार्ड पुलिस को मिल सके।

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों में मिली गुफा, सुरंग के जरिए फरार हो गए नक्सली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर पिछले 6 दिनों से जारी ऑपरेशन के दौरान कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में सुरक्षाबलों को गुफा मिली है। इस गुफा में नक्सलियों के छिपे होने की बात कही जा रही है। हालांकि सुरक्षाबल जब पहुंचे तो वहां एक भी नक्सली नहीं मिला। गुफा से लगी एक पतली सुरंग भी मिली है जिसके जरिए नक्सलियों के भागने की बात कही जा रही है। पूरे ऑपरेशन का यह आखिरी पडाव माना जा रहा है। नक्सलियों की हलचल नहीं होने से सुरक्षाबल अब कैंप की ओर लौटने लगे हैं।

बता दें कर्रेगुट्टा, दुर्गमगुट्टा, पुजारी कांकेर की पहाड़ियों पर फोर्स का नक्सलियों के खिलाफ देश का सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू किया। दरअसल सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि यहां पर बड़ी संख्या में नक्सली छिपे हुए हैं। इसके बाद फोर्स ने ऑपरेशन शुरू किया। छत्तीसगढ़ से डीआरजी, सीआरपीएफ, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर्स के जवान व तेलंगाना की ग्रे हाउंड फोर्स ने घेराबंदी शुरू की। इसके बाद नक्सली भी खौफ में आ गए। इस बीच नक्सलियों की ओर एक और शांतिवार्ता की अपील की गई। हालांकि इससे कुछ हुआ नहीं। फोर्स ने ऑपरेशन जारी रखा।



### पहाड़ी पर मिली गुफा, शिवलिंग भी मिला

ऑपरेशन के दौरान पहाड़ पर जवानों ने नक्सलियों की गुफा को ढूंढ निकाला। यह गुफा इतनी बड़ी और गहरी है कि यहां आराम से एक हजार नक्सली अपने हथियारों के साथ छिप सकते हैं। गुफा के अंदर पीछे की तरफ चट्टानों के बीच एक सुरंग भी मिली है, जो सीधे पहाड़ी की दूसरी तरफ निकल रही है। यहां से बड़ी आसानी से कोई भी व्यक्ति एक तरफ से दूसरी तरफ आना-जाना कर सकता है। गुफा में शिवलिंग भी मिला है जिसकी पूजा भी की गई है। माना जा रहा है कि नक्सली यहां पूजा पाठ करते हैं। बताया जा रहा है कि फोर्स के आने से ठीक पहले नक्सली यहां से निकल गए हैं। यहां हिड़मा, देवा, दामोदर, आजाद, पापाराव, अभय समेत नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2 और कई कंपनी और प्लाटून भी सक्रिय हैं जो अब भाग गए हैं। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में वो पूरा इलाका करीब 280 किमी के दायरे में फैला हुआ है। ऐसे में किस जगह नक्सली छिपे हैं, इसका पता लगाना संभव नहीं है।

# 9 बम धमतरी के जंगल में मिले माओवादियों ने किया था डंप

श्रीकंचनपथ

धमतरी। पुलिस, नगरी डीआरजी, सीएएफ खल्लारी टीम द्वारा नक्सल सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा डंप बम सहित नक्सल सामान को बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पांडेय के मार्गदर्शन में नगरी डीआरजी एवं सीएएफ खल्लारी की टीम सर्चिंग आपरेशन पर थाना खल्लारी के चमेन्दा, साल्हेभाट क्षेत्र में रवाना हुई थी। इसी दौरान प्रात: लगभग 8 बजे चमेंदा /साल्हेभाट के बीच जंगल में माओवादियों द्वारा डंप किया गया- 03 नग कुकर बम, 03 नग अमूल दूध के डिब्बे (बम) 02 नग पाइप बम व एक नग टिफिन बम, एक नग वाकी टॉकी और उपचार उपयोगी



(दवाईयां), दैनिक उपयोगी बर्तन, राशन व अन्य सामग्री जिसे अलग अलग थैले को एक त्रिपाल झिल्ली व नीले कलर का प्लास्टिक ड्रम मे डाल कर दो अलग-अलग जगह डंप किया गया था। बीडीएस टीम द्वारा डंप किये बमों को डिफ्यूज किया गया। चूंकि घटना स्थल खल्लारी क्षेत्र का होने से थाना खल्लारी में अज्ञात प्रतिबंधित माओवादियों के विरुद्ध अपराध क्र.02/25 धारा 04,05, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 कायम कर विवेचना में लिया गया।

**मन की बात में बोले पीएम मोदी**

# पहलगाम के पीड़ितों को न्याय मिलेगा, साजिश करने वालों को देंगे कठोर जवाब

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में पहलगाम हमले का जिक्र किया। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को याद करते हुए कहा-इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा- कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक अच्छे से चल रही थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे । देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया। पीएम ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। कहा- इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा।




### भारत के ग्लोबल स्पेस पॉवर बनने पर बात

पीएम मोदी ने भारत के ग्लोबल स्पेस पॉवर बनने की भी बात की। कहा- हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स का लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। भारत के युवाओं ने दुनिया का नजरिया बदला-आज हम पूरी दुनिया में भारत के प्रतिभा की तारीफहोते देखते हैं। भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है, और, किसी भी देश के युवा की रुचि किस तरफ है, किधर है, उससे पता चलता है कि देश का भविष्य कैसा होगा।

### भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल-अब भारत ने अपने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा स्पेस स्टार्टप में नए झंडे लहरा रहे हैं। 10 साल पहले इस क्षेत्र में सिर्फएक कंपनी थी, लेकिन आज देश में, सवा तीन सौ से ज्यादा कंपनी काम कर रहे हैं।

### भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

# अब तो बंद ही कर दो एनएसएस की नौटंकी

श्रीकंचनपथ न्यूज




सदियों पुरानी कहावत है कि एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकतीं. राष्ट्रीय सेवा योजना भी म्यान की दूसरी तलवार है। कहां तो लोग ज्यादा से ज्यादा जुगाड़ने-कबाड़ने में जुटे हुए हैं और कहां सेवा की बातें हो रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक सेवा के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक भावना विकसित करना है। यह योजना छात्रों को अपने व्यक्तित्व का विकास करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। रासेयो गांधीवादी विचारधारा पर काम करती है। महात्मा गांधी का मानना था कि जब तक छात्र-युवाओं को गांवों/समुदाय के उत्थान के लिए काम करने के लिए प्रेरित नहीं किया जाएगा, तब तक देश वांछित दिशा में प्रगति नहीं कर सकता। वह बीती बातें हो गईं। अब इसमें भी धर्म-पंथ-सम्प्रदाय घुस गया है। रासेयो स्वयंसेवक भी अब कालेज की आपाधापी से मुक्त होकर कुछ दिनों के लिए गांव में मस्ती करने के उद्देश्य से ही जाते हैं। झाड़ू-कटका करते हैं। नालों और पेयजल स्रोतों की सफाई करते हैं। पकाते-खाते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी का आनन्द लेते हैं। बिलासपुर के केन्द्रीय विश्वविद्यालय में भी एक प्रयोग किया गया। यहां सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ऐसी तिथियों पर किया गया जिसमें ईद-उल-फितर का अवसर भी शामिल था। इस शिविर में चार मुस्लिम विद्यार्थी भी थे। रासेयो समन्वयक को लगा कि इसे समरसता के एक अवसर के रूप में लिया जाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारियों ने भी इसे इसी स्वरूप में लिया। उन्होंने मुस्लिम विद्यार्थियों को मंच पर नमाज अदा करने के लिए कहा। साथ ही शेष शिविरार्थियों को उनका अनुकरण करने के निर्देश दिए। होना तो यही चाहिए था कि लोग इस नए अनुभव को अपनी स्मृति में संजो लेते। पर ऐसा हुआ नहीं। शिविर के दो सप्ताह बाद हिन्दू संगठनों की अगुवाई में विद्यार्थियों ने शिविर समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। समन्वयक-कार्यक्रम अधिकारी सभी हिन्दू थे। आरोप लगा कि उन्हें नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। उन्हें कहा गया कि यदि उन्होंने नमाज नहीं पढ़ी तो उनके शिविर प्रमाणपत्र रोक दिये जायेंगे। नमाज भी एक इबादत है। भजन-आरती से जब कोई मुसलमान हिन्दू नहीं हो जाता तो नमाज पढ़ने से कोई मुसलमान कैसे हो सकता है? कुछ लोकप्रिय भजनों का यहां उल्लेख किया जा सकता है। मन तड़पत हरि दर्शन को आज... फिल्म बैजूबावरा के इस गीत को लिखा शकील बदायुनी ने और इसे आवाज दी मो। रफी साहब ने। मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे... को भी शकील बदायुनी ने ही लिखा था जिसे लता जी ने अपनी आवाज दी थी। ओ पालनहारे निर्गुण और न्यारे को जावेद अख्तर ने और हे रोम रोम में बसने वाले राम को साहिर लुधियानवी ने लिखा था। तूने मुझे बुलाया शेरावालिये... को भी रफी साहब और नरेन्द्र चंचल ने मिलकर अपनी आवाजें दीं। पर अब यह सब नहीं चलेगा।




संपादकीय

# आतंकवादी का प्रत्यर्पण बड़ी बात तो है

कोई काम जब पहली बार किसी देश में होता है तो वह देश व देश के लोगों के लिए बड़ी बात तो होती है।भारत पहली बार एक आतंकवादी को पकड़कर सजा देने के लिए लाने में सफल हुआ है तो यह देश की सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि तो है। जनता सरकार इस बात के लिए सरकार की तारीफ तो करेगी ही कि मोदी सरकार ही पहली ऐसी सरकार जिसने मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड को पकड़कर देश लाने में सफल हुई है। कई आतंकवादी भारत में आतंकवादी हमला कर पाकिस्तान या विदेश भाग जाते हैं, उन्होंने भारत में अपराध किया है, वह भारत के गुनहगार हैं लेकिन कई बार किसी देश से प्रत्यर्पण संधि नहीं होने पर उस देश से देश के अपराधी को पकड़कर लाना संभव नहीं होता है। किसी देश से प्रत्यर्पण संधि होने पर उस देश के कानून, उसे देश से भारत के संबंध कैसे हैं,उस देश के अपने राजनीतिक हित के चलते अपराधी को देश पकड़कर लाना आसान नहीं होता है।

वैसे भी पीएम मोदी के चलते पाकिस्तान पूरे विश्व में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए बदनाम है और बहुत सारे देशों से पहले की तरह मदद नहीं मिलती है। वह आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण विश्व अकेला पड़ गया है। तहव्वूर राणा को अमरीका से भारत लाए जाने का देश की राजनीति पर भी बड़ा असर पड़ने वाला है।किसी दूसरे देश से आतंकवादी को पकड़कर भारत लाना और उस पर मुकदमा चलाकर सजा देने का यह पहला मामला है, मोदी सरकार तो इसका श्रेय लेगी ही कि पहली बार जो सरकार किसी आतंकवादी को किसी दूसरे देश से पकड़कर लाने में सफल हुई है तो वह मोदी सरकार है। इस आधार पर पीएम मोदी व भाजपा फिर देश में माहौल बनाएंगे कि मोदी सरकार ही ऐसी सरकार जो विदेश से आतंकवादी को पकड़कर ला सकती है और सजा दिला सकती है। तहव्वूर राणा से पूछताछ में भी कई बाते सामने आएंगी। यानी आने वाले दिनों तहव्वूर राणा कई दिनों तक चर्चा में रहने वाला है।

> *पीएम मोदी के ट्रंप से अच्छे संबंध के चलते ही पाकिस्तानी आतंकवादी तहव्वूर राणा को अमरीका से भारत लाना संभव हो सका है फिर भी इसमें करीब करीब 16 साल लग गए हैं। तहव्वूर राणा पाकिस्तानी सेना में डाक्टर था, हालांकि हमले के बाद उसने दूसरे देश की नागरिकता ले ली थी। लेकिन यह बात को सभी को पता है कि पाकिस्तान के कहने पर ही उसने मुंबई में आतंकवादी हमला करवाया था इसलिए पाकिस्तान भी परेशान है कि तहव्वूर राणा पर भारत में मुकदमा चलेगा तो फिर एक बार विश्व में इस बात की चर्चा होगी कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पालता पोसता है और उनका उपयोग पड़ोसी देश भारत में आतंक फैलाने के लिए करता है।*

भाजपा इसका राजनीतिक फायदा बिहार चुनाव में उठा सकती है इसलिए कांग्रेस भाजपा को तहव्वूर राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय अकेले भाजपा को नहीं लेने देना चाहती है। जैसे ही यह खबर आई कि तहव्वूर राणा को भारत लाया जा रहा है तो कांग्रेस ने चिदंबरम को सामने किया और खुद भी श्रेय लेने लगी कि यूपीए सरकार ने भी तो तहव्वूर राणा के प्रत्यर्पण के लिए कोशिश की थी, यूपीए सरकार की कोशिशों के कारण ही आज तहव्वूर राणा को भारत लाया जा सका है।हकीकत यह है कि तहव्वूर राणा के प्रत्यर्पण में मिली सफलता सिर्फ कानूनी जीत नहीं है, यह अमरीकी अदालतों में सावधानी से दिए गए दलीलों व कूटनीतिक प्रयासों का नतीजा है।चर्चा है कि अमरीका में राणा की कानूनी टीम ने भारत को प्रत्यर्पण के विरोध में तर्क दिया था कि राणा पर पहले से ही संबंधित अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जा चुका है।इसलिए उस पर भारत में फिर से मुकदमा चलाना गैरकानूनी होगा। इस पर भारत की कानूनी टीम ने यह तर्क दिया था कि भारत में राणा पर मुकदमा दूसरे मामले में चलाया जाएगा तब जाकर अमरीका से उसका प्रत्यर्पण संभव हो सका है।

कांग्रेस कितना ही तर्क दे ले कि उसने भी प्रत्यर्पण के लिए कोशिश की थी या उसने दाऊद गैंग के अबू सलीम का प्रत्यर्पण कराया था लेकिन कांग्रेस को राणा के प्रत्यर्पण का जरा सा श्रेय भी मिलने से रहा क्योंकि इस बात की घोषणा तो तब की गई थी जब मोदी व ट्रंप एक मंच पर थे। इसके बाद तय हो गया था कि देरसबेर राणा का प्रत्यर्पण तो होना ही और यह अब जाकर 2025 में संभव हो सका है।यह भी ऐसे समय हुआ है जब कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में बिहार चुनाव जीतने के लिए रणनीति बनाई है कि जाति जनगणना,आरक्षण पचास प्रतिशत और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर बिहार का चुनाव लड़ा जाएगा। भाजपा राष्ट्रवाद के मुद्दे को जब उठाती है तो देश में कोई राजनीतिक दल उसका मुकाबला नहीं कर सकता।

कसाब के मामले में भाजपा ने सिर्फ एक लाइन कहा था कि कांग्रेस ने कसाब को जेल में बिरयानी खिलाती थी और इसका कांग्रेस को राजनीतिक नुकसान हुआ था। इसके अलावा मोदी सरकार ने जब पाक में चल रहे आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया था तो पीएम मोदी की छवि ऐसे नेता की बनी थी कि वह तो पाकिस्तान को घर में घुसकर मारने वाले नेता हैं। इसका भी चुनाव में भाजपा को फायदा हुआ था। तहव्वूर राणा को भारत लाया जा चुका है, अभी कई महीनों उस पर मुकदमा चलना है,उसके बाद उसको सजा होनी है, यह सजा यदि बिहार चुनाव के आसपास होती है तो इसका लाभ निश्चित रूप से भाजपा को होगा।

देश में आतंकवाद व अलगाववाद को खत्म करने का श्रेय तो उसे मिल चुका है। इस वजह से वह मजबूत सरकार मानी जाती है।तहव्वूर राणा को सजा होती है तो मोदी सरकार को इस बात का श्रेय भी मिलेगा की उसने आतंकवादी को भारत में लाकर सजा दिलाई है। इससे जनता के बीच फिर एक बार संदेश जाएगा कि मोदी सरकार वाकई में मजबूत सरकार है। वैसे तो देश में लोग यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान में आतंकवादी मारे जाते हैं तो वह भी मोदी सरकार सुपारी देकर हत्या करवाती है। यानी जनता मानती है कि पीएम मोदी आतंकवादियों को उनके देश में मरवा सकते हैं, विदेश से लाकर देश में सजा भी दिलवा सकते हैं।

# फर्जी चिकित्सा के दुष्परिणाम साझा किए जाएं

कुमार समीर



स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनियमितताएं किस तरह बेलगाम हो गई हैं, इसका ताजा उदाहरण दमोह के फर्जी डॉक्टर का मामला है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर, किस तरह प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मध्य प्रदेश के दमोह जिले का यह फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट 'डॉक्टर' एन जॉन कैम सालों से लाचार, परेशान, मुसीबतों के मारे मरीजों का ईलाज कर रहा था? आरोपी 'डाक्टर' का दुस्साहस देखिए कि उसने अपना असली नाम छिपा कर मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। दमोह जिले के मिशन अस्पताल में आरोपी डाक्टर का नाम डॉक्टर एन जॉन कैम दर्ज था जबकि उसका असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है जबकि उसके फर्जी दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के फेक नाम लिखे हुए हैं।

आरोपी का मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ ऐसे ही बेरोकटोक चलता रहता अगर इसके द्वारा की गई 15 लोगों की हार्ट सर्जरी के दौरान सात लोगों की जान नहीं चली गई होती। इस फर्जी डाक्टर की पहुंच, पहचान कितनी तगड़ी थी, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 15 लोगों के हार्ट की सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने 2006 में एक निजी अस्पताल में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की सर्जरी भी की थी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। इसका दावा उनके बेटे ने किया है।

आखिर, इस तरह के लोगों की भनक तक प्रशासन, स्वास्थ्य महकमे को क्यों नहीं लगती। आश्चर्य तो यह है कि ऐसे ज्यादातर मामलों का खुलासा तब होता है जब इनके कारनामे से बड़ा नुकसान हो जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं के गोरखधंधे में कई चीजें शामिल हो गई हैं, जैसे कि स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स। स्वास्थ्य संबंधी धोखाधड़ी में ऐसे उत्पादों या सेवाओं का दावा करना शामिल है, जो बीमारियों को ठीक करने या रोकने का वादा करते हैं, लेकिन वे सुरक्षित या प्रभावी नहीं होते। बैंकिंग धोखाधड़ी में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों द्वारा धन या सेवाएं प्राप्त करना शामिल है, जैसे कि झूठे दावे प्रस्तुत करना या अधिक बिलिंग करना। नकली दवाएं और अनियमित पैथोलॉजी लैब्स भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गोरखधंधे के उदाहरण हैं।

फर्जी चिकित्सक नकली दवाओं के साथ-साथ जांच भी फर्जी कर रहे हैं। इसके लिए एक मशीन रख ली है, जिस पर हाथ रख कर ही 55 जांच करने का दावा कर रहे हैं। कई लोगों को इतना बीमार बता दिया जाता है कि वे सदमे में आ जाते हैं। लैब से जांच कराई तो सारी जांच गलत निकलती है। बताते चलें कि क्वांटम रेजोनेंस बॉडी हेल्थ एनालाइजर नामक मशीन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित फर्जी चिकित्सकों द्वारा खूब इस्तेमाल की जा रही है। यह मशीन ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मात्र दस से 12 हजार रु पये में मिल रही है। दावा किया जा रहा है कि मशीन में शरीर की 55 जांच महज कुछ मिनटों में हाथ रखने से ही हो जाती है। जांच के नाम पर लोग पैसे तो दे ही रहे हैं, साथ ही अप्रशिक्षित चिकित्सक जांच के आधार पर इलाज तक दे रहे हैं।

बिना डिग्री व बिना पंजीकरण वाले डाक्टरों पर अंकुश लगाना सबसे जरूरी है और इसके लिए सबसे पहले बनाना होगा नेशनल मेडिकल पोर्टल। जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। फर्जी डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए केवल नियम-कानून बना देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जनता को ऐसे डॉक्टरों के बारे में सचेत भी करना होगा। आम जन को बताया जाना चाहिए नकली डॉक्टर के खिलाफ शिकायत कहां करें? मेडिकल काउंसिल को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बिना डिग्री या रजिस्ट्रेशन वाले फर्जी डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को सख्त कानून लागू करने चाहिए। भारत में झोलाछाप डॉक्टर के लिए दी जाने वाली सजा पर फिर से गौर करना चाहिए।

गौरतलब है कि झोलाछाप डॉक्टरों को धारा 15(4) धारा 15(2) के उल्लंघन के लिए दंड निर्धारित करती है। भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की धारा 15(3) में प्रावधान है कि उल्लंघन के परिणामस्वरूप एक वर्ष का कारावास या 1,000 रु पये का जुर्माना होगा। इसे और सख्त और कड़ा बनाने की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को नियमित जांच और निगरानी करनी चाहिए। मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से फर्जी चिकित्सा के दुष्परिणाम साझा किए जाएं। मेडिकल काउंसिल को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# भरोसा कायम रखने का वक्त

'पहलगाम में हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों और साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब ये शब्द मधुबनी की धरती पर बोल रहे थे, तब उनके चेहरे पर गुस्से की गहन छाया साफ देखी जा सकती थी। यह पहला मौका था, जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक सभा में ऐसे कठोर शब्द बोले। ये ताकतवर वाक्य उन लोगों के जख्मों पर मरहम की तरह थे, जिन्होंने अपने घर के लोग खोए हैं। ये अल्फाज आहत देशवासियों को भी भरोसा दिला रहे थे कि हम सिर्फ कूटनीतिक कार्रवाई तक नहीं रुकेंगे।

इस सवाल का जवाब देना नामुमकिन है, लेकिन इतना तय है कि जो होगा, वह अप्रत्याशित और अकल्पनीय होगा। भरोसा न हो, तो 15 फरवरी, 2019 की ओर लौटें। समूचा देश उस वक्त पुलवामा में 40 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या से आहत था। उस दिन नई दिल्ली और वाराणसी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा था- आतंक के दोषियों और उन्हें मदद देने वाले को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सुरक्षाबलों को कार्रवाई की पूरी छूट दे दी गई है। पाकिस्तान इस भ्रम में न रहे कि वह भारत को अस्थिर कर सकता है। पाकिस्तान सहित कुछ सियासतदां इसे महज चुनावी भाषण मानने की भूल कर बैठे थे। अगले दस दिन के भीतर बालाकोट में जो हुआ, उसे पूरी दुनिया ने अचरज से देखा।

इससे पहले भारत आतंकवाद से आहत होने के बाद बस गाल बजाकर रह जाता था। इस बार हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान की सीमा के भीतर घुसकर न केवल निर्धारित ऑपरेशन को अंजाम दिया, बल्कि सरकार ने उसे दुनिया को बताने और जताने में कोई संकोच नहीं किया था। यह भारतीय रणनीति में सार्थक बदलाव का लम्हा था। तय हो चुका था कि अब भारत-भूमि को रक्त-स्नान कराने वाले कहीं भी हों, बख्शे नहीं जाएंगे। जरूरी हुआ, तो इसके लिए हम सीमा पार करने से कतई नहीं हिचकेंगे।

पुलवामा को छह बरस बीत चुके हैं। इस दौरान दुनिया और उसके तौर-तरीकों में जमीन-आसमान का फर्क आ चुका है। यूक्रेन पर रूस की चढ़ाई और इजरायल के गाजा सैन्य अभियान ने विश्व राजनय के सिद्धांतों को नया चोला पहना दिया है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के बेहद दबाव के बावजूद न पुतिन झुके और न ही नेतन्याहू। उनकी फौजें आज भी अपने 'दुश्मनों' का सफाया करने में जुटी हैं। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड और कनाडा को हथियाने का दंभ खुल्लमखुल्ला भरते हैं। क्या भारत ऐसा कर सकेगा?

इस पर अभी कोई टिप्पणी मुनासिब नहीं होगी, मगर यह जान लीजिए कि पाकिस्तानी परमाणु बम और उसके दुरुपयोग की धमकियां मोदी की राह नहीं रोक सकतीं। वह पहले ही सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट के जरिये इसकी मुनादी कर चुके हैं। दुनिया के अन्य देश भी पाकिस्तान की इस गीदड़ भभकी से आजिज आ चुके हैं। यह अकारण नहीं है कि पहलगाम नरसंहार के बाद विश्व के सभी प्रमुख देशों ने भारत और भारतीयों के साथ एकजुटता दिखाई है। इस साथ का बदली हुई परिस्थितियों में बेहतरीन उपयोग किया जा सकता है।

देश के अंदर भी प्रमुख विपक्षी नेताओं ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की उम्मीद करते हुए एकजुटता दिखाई है। मैं कभी युद्ध का समर्थन नहीं करता और यह भी मानता हूं कि मीडिया के दबाव या जन-इच्छाओं से लड़ाइयां नहीं लड़ी जानी चाहिए, लेकिन जब पानी नाक तक चढ़ आए, तो फिर हाथ-पैर हिलाने ही पड़ते हैं। यह समय सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े होने का है। पहलगाम में जान गंवाने वालों को इससे बेहतर कोई और श्रद्धांजलि नहीं हो सकती।

मधुबनी में प्रधानमंत्री की गर्जना से ऐन पहले की रात आगरा में कुछ लोगों ने बिरयानी बेचने वाले एक कारोबारी की हत्या कर दी। उसका सहायक भी गोली लगने से घायल हो गया। इस घटना के तत्काल बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होता है। इसके जरिये खुद को एक कल्पित हिंदूवादी संगठन का ताबेदार बताते हुए दो सशस्त्र युवक इस हत्याकांड को पहलगाम नरमेध से जोड़ते हुए, सांप्रदायिक विषवमन कर रहे थे। उसी दिन नोएडा के तमाम लोगों को एक रिकॉर्डेड कॉल मिली थी। उसमें भी एक धर्म विशेष के लिए जहर बोला गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हो सकता है कि जब तक ये पंक्तियां आप तक पहुंचें, दोषी धरे जा चुके हों, पर वे अकेले नहीं हैं।

सोशल मीडिया के जरिये धार्मिक उन्माद फैलाने वाले सैकड़ों हैंडल इस समय सक्रिय हैं। ये लोग जाने-अनजाने उन दहशतगर्दों का काम आसान कर रहे हैं, जो कश्मीर को सिर्फ देश की मुख्यधारा से अलग नहीं करना चाहते, बल्कि समूचे मुल्क को सांप्रदायिकता की आग में झोंकना चाहते हैं। पहलगाम की बैसरन घाटी में जिस अपमानजनक तरीके से धार्मिक पहचान पता कर गोलियों से भूना गया,उससे नाराजगी स्वाभाविक है। इसके बावजूद हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि सैलानियों की रक्षा के लिए भिड़ पड़े एक कश्मीरी युवक को उस दौरान जान गंवानी पड़ी। पीड़ितों को फौरी मदद भी स्थानीय लोगों से मिली। वे सभी मुसलमान थे।

# बौखलाया पाकिस्तान

**मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले में मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत में प्रत्यार्पित होने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारतीय एजेंसियां इस हमले से संबंधित सभी पहलुओं पर राणा से पूछताछ कर रही हैं।**

पूछताछ में हमले में पाकिस्तान की केंद्रीय भूमिका की पुख्ता जानकारी मिल सकती है। इस बीच, पाकिस्तान का कश्मीर को लेकर अनर्गल अलाप जारी है। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले प्रवासी पाकिस्तानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर हमारे गले की नस थी, हमारे गले की नस रहेगी और हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। जनरल मुनीर के इस बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ा प्रतिवाद किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। पाकिस्तान को उसे जल्द खाली करना पड़ेगा। लोगों को याद होगा कि पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने साफ शब्दों में कहा था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को अवैध रूप से कब्जा कर रखा है जो उसे खाली करना पड़ेगा।

इसके पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी लंदन में एक समारोह में कहा था कि कश्मीर समस्या का समाधान जम्मू-कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पीओके पर केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार का यह रुख निरंतर जारी है और अपनी गति पर है। यह बताता है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को भारत वापस लाने के लिए नई दिल्ली वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए प्रयासरत है।

यहां के नागरिक पाकिस्तानी सरकार और सेना के जुल्म से मुक्ति पाने के लिए आंदोलनरत हैं। वे भारत जैसे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश के साथ रहना चाहते हैं। पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में बन गई है, जो आतंकवाद का केंद्र है। कोई भी सभ्य नागरिक ऐसे देश में रहना नहीं चाहता। इसीलिए वहां के नागरिक पीओके के भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। उम्मीद है कि देर-सबेर उनका यह सपना पूरा होकर रहेगा।

# कांग्रेस में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी

अजय तिवारी

**कांग्रेस को कसक है कि उसके पूर्व अध्यक्षों महात्मा गांधी और सरदार पटेल का राजनीतिक फायदा भाजपा उठा रही है। गुजरात के अहमदाबाद अधिवेशन के जरिए पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश भी दिया कि आगे कांग्रेस के इन दोनों नेताओं का फायदा राजनीतिक प्रतिद्विंद्वियों को नहीं उठाने देना है।**

अहमदाबाद अधिवेशन का एक मकसद 2027 के गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस को तैयार करना भी था। यही वजह है कि अधिवेशन में गुजरात पर अलग से प्रस्ताव भी लाया गया। प्रस्ताव में गुजरातियों को कुपोषण, नशा, बेरोजगारी से मुक्ति के सपने दिखाए गए हैं। जातिगत जनगणना और पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण देने का भी वादा किया गया है। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा है। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने स्पष्ट कर दिया कि निष्क्रिय और काम नहीं करने वाले नेताओं को रिटायर किया जाएगा। यह राहुल गांधी की ही लाइन है। पहली गाज जिला अध्यक्षों पर गिरेगी। इसकी शुरुआत गुजरात से की जा रही है। गुजरात में इस काम के लिए 42 केंद्रीय पर्यवेक्षक और 182 प्रदेश पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। राहुल गांधी ने रह कर नये जिला अध्यक्ष बनाने की पूरी प्रक्रिया खुद समझाई।

पार्टी ने महसूस किया है कि जिला और बूथ स्तर पर कमजोरियों की वजह से ही वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को शिकस्त नहीं दे पाती है। अहमदाबाद अधिवेशन का बड़ा मकसद पार्टी को जिला और बूथ स्तर पर मजबूत बनाना ही है। राहुल के शब्दों में पार्टी की नींव मजबूत किए जाने की जरूरत है यानी वह भी मान रहे हैं कि पार्टी की नींव हिल गई है। दरअसल, 300 से ज्यादा जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने अधिवेशन से पहले चर्चा की थी। उन्हें बताया गया था कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी लेकिन खराब प्रदर्शन पर उन्हें हटाया भी जाएगा।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल खुद कहते हैं कि जिला अध्यक्षों के साथ ऐसी बैठक 20 साल बाद हुई है। अहमदाबाद अधिवेशन इस बात के लिए भी याद रखा जाएगा कि यह काफी व्यवस्थित था। इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे नेताओं को आयोजन स्थल पर प्रवेश से लगा कर भोजन और ठहरने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। ऐसी दिक्कतें कांग्रेस के आयोजनों में आम बात होती है क्योंकि वहां प्राय: जवाबदेही का अभाव रहता है। कांग्रेस के दिल्ली, उदयपुर और रायपुर के आयोजन शिकायतों से भरे रहे थे और ये शिकायतें कांग्रेस अध्यक्ष के पास तक भी पहुंची थीं। यहां तक कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी और श्रीनगर में भी इंतजामों की कमी थी।

अहमदाबाद अधिवेशन में दूसरे राज्यों से पहुंचे नेता यह देखकर चकित थे कि भाजपाशासित राज्य में पुलिस का रवैया बेहद सहयोगात्मक था। कार्यसमिति बैठक स्थल सरदार पटेल स्मारक, प्रार्थना सभा स्थल साबरमती आश्रम और अधिवेशन स्थल साबरमती रिबरफ्रंट या विमानतल-रेलवे स्टेशन पर किसी कांग्रेस नेता या पत्रकार को पुलिस ने रोका हो ऐसी घटना सामने नहीं आई। अहमदाबाद में कांग्रेस नेता खरगे-राहुल के सड़क किनारे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगे देख कर भी बाहर से आए नेताओं को आश्चर्य हुआ कि भाजपा की नगर निगम ने इन्हें आयोजन संपन्न होने तक नहीं हटाया!

दक्षिण की राजनीति को प्रभावित कर रहे परिसीमन का कांग्रेस के प्रस्ताव में जिक्र नहीं होना वहां के नेताओं को अच्छा नहीं लगा। पचास करोड़ श्रमिकों को प्रभावित करने वाले लेबर कोड को भी प्रस्ताव में जगह नहीं देने से श्रमिक वर्ग में अच्छा संदेश नहीं गया है। प्रस्ताव में एमएसपी की कानूनी गारंटी और किसान आंदोलन को दबाए जाने का जिक्र है लेकिन किसानों को खदड़ने वाली पंजाब की आप सरकार की आलोचना नहीं करने से इस चर्चा को बल मिला है कि गुजरात में केजरीवाल से फिर हाथ मिलाया जा सकता है। पंजाब की आप सरकार ने एक साल पुराने किसान आंदोलन को बलपूर्वक कुचल दिया था और किसानों को जेल में डाल दिया था। अधिवेशन में इस पर गंभीरता से चर्चा नहीं हुई, प्रस्ताव में भी सिर्फ जिक्र भर है।

अधिवेशन में नेता और कार्यकर्ता के बीच पैदा हो गई दूरी को कम करने पर भी विचार नहीं किया गया। पार्टी सरकार में नहीं है फिर भी पदाधिकारी और नेताओं का मिलना तो दूर उनके दर्शन तक दुर्लभ हैं। कांग्रेस के नेता ही नहीं प्रवक्ता भी अहंकारी हो गए हैं, यह बात हाई कमान को दिखाई नहीं देती। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे हों या राहुल उनके यहां से अब कार्यकर्ताओं को पत्रों के जवाब नहीं मिलते। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अनुसूचित जाति के कार्यकारी अध्यक्ष ने भूमाफिया के दबाव में पिछले साल आत्महत्या कर ली थी, जब आत्महत्या पूर्व लिखे गए पत्र के आधार पर एफआईआर नहीं हुई तो उनकी बेटी ने मदद के लिए खरगे, राहुल, प्रियंका को पत्र लिखे। इस मामले में उसे डेढ़ महीने बाद भी किसी का जवाब नहीं मिला। इस पत्र में उसने यह भी लिख दिया था कि जब कांग्रेस अनुसूचित जाति के अपने कार्यकर्ता के परिवार को न्याय नहीं दिलाती है तो जय बापू-जय भीम-जय संविधान का नारा कैसे लगाती है! कांग्रेस के सबसे पुराने संगठन सेवादल में असंतोष का विषय भी है, इसे भी हाई कमान नजरंदाज किए हुए है। सेवादल के प्रमुख गुजरात से ही आते हैं,अच्छा होता कि खरगे-राहुल अधिवेशन के दौरान ही इस असंतोष को दूर कर देते।

कांग्रेस में कहा जा रहा है कि जब प्रदर्शन और जवाबदेही के आधार पर जिला और ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाएंगे तो पार्टी पर क्षत्रपों का दखल कम होगा। राहुल क्षत्रपों की गुटबाजी को इसी फामरूले से खत्म करना चाहते हैं। हालांकि इस फार्मले पर अमल कैसे होगा, इसको लेकर पार्टी के भीतर काफी सवाल हैं। ऐसे जिला अध्यक्ष जिनका कोई कारोबार नहीं है, वे पार्टी के रोजमर्रा के खर्च कैसे चलाएंगे? राहुल फामरूले में यह भी है कि निचले स्तर पर नेतृत्व संभालने वाले नेताओं को पार्टी के रोजमर्रा के खर्च और कार्यक्रमों के लिए खुद ही धन जुटाना है। सवाल यह भी है कि पार्टी में निष्क्रिय नेताओं की संख्या बहुत बड़ी है, उन्हें घर बैठाना क्या वास्तविक रूप से संभव होगा?







ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग



प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110





## खास खबर



### यूनिवर्सल रेल मिल में नवीन रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में एक नए रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यपालकों की उपस्थिति में इस नवीन सुविधा का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, प्रवीण निगम, बीके गिरि, राकेश कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम., तथा वरिष्ठ कार्यपालक अनुराग उपाध्याय, उन्मेष भारद्वाज, प्रणय कुमार, मानस कुमार गुप्ता, विशाल गुप्ता तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के अन्य कार्यपालक उपस्थित रहे।

रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स परियोजना का कार्य मेसर्स मैको कॉर्पोरेशन (इंडिया) प्रालि (कंसोर्टियम लीडर) एवं मेसर्स यूजीआई इंजीनियरिंग वर्क्स प्रालि (कंसोर्टियम सदस्य) को सौंपा गया था, जिसमें सीईटी परामर्शदाता के रूप में शामिल रहा। इस परियोजना को महाप्रबंधक प्रभारी एमवी रामप्रसाद के मार्गदर्शन में उनकी टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया।

### संपदा न्यायालय के आदेश पर तीन लाइसेंसी आवासों से अवैध कब्जाधारियों को किया गया बेदखल

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा सेक्टर–4 में तीन लाइसेंसी आवासों से अवैध कब्जाधारियों को संपदा न्यायालय के आदेश पर बेदखल कर आबंटी आवासधारक तथा रखरखाव कार्यालय को सुपुर्द किया गया। सेक्टर–4 स्थित 9ई/26/4 आवास को लाइसेंस पर श्रीमती ए मनीषा को, 11एच/26/04 आवास को श्री षिवलाल ठाकुर को तथा 11 एफ26/04 आवास को श्रीमती सरस्वती कहार को आबंटित किया गया था, जिन पर अवैध कब्जा कर रहने वाले कब्जाधारियों के विरूद्ध प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए खाली कराया।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की संपत्ति पर कब्जा करने वाले भू–माफ्यिाओं, अवैध कब्जाधारियों, अवैध रिटेंशनधारियों तथा अनफ्टि आवासों पर से कब्जाधारियों की बेदखली कार्यवाही नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा पीएचडी विभाग, जिला पुलिस बल, कोतवाली थाना, पुलिस बल, जनसंपर्क विभाग, विद्युत विभाग, सिविल विभाग, संपदा न्यायालय के कर्मचारी तथा प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के सहयोग से वृहद पैमाने पर जारी है। इन अवैध कब्जेधारियों, भू माफियाओं और दलालों के विरुद्ध बीएसपी प्रबंधन द्वारा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है।

# पहलगाम हमले का विरोध : लोगों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि, सांसद बघेल बोले - आतंकियों को ढूंढकर मारेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सांसद विजय बघेल ने भिलाई, दुर्ग, खैरागढ़ के नामचीन कलाकारों द्वारा बनाई गई पेन्टिंग का अवलोकन किया। सिविक सेंटर के कृष्ण–अर्जुन रथ परिसर मे 100 फीट लंबे कैनवास पर बनाई गई पेन्टिंग को देखकर सांसद द्रवित हो उठे तथा भारत सरकार द्वारा आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार की बात कही। उन्होंने कहा कि आतंकी पाताल में भी छुप जाएंगे तो भी उन्हें ढूंढकर मारा जाएगा उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या मे मौजूद कलाकारगण तथा आम नागरिकों ने कैंडल जलाकर शहीदों को नमन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया।

ज्ञात हो कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। पूरे देश में इसके विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। देश में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश है और हर कोई अपने अपने तरीके से अपना विरोध जता रहा है। इसी कड़ी में खैरागढ़ के कलाकारों ने पेंटिंग के माध्यम से पहलगाम हमले का दर्द उजागर किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से दुर्ग सांसद विजय बघेल पहुंचे और पेंटिंग का अवलोकन किया।

**पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में खैरागढ़ के कलाकारों ने बनाई पेंटिंग**



### पाकिस्तान को हजम नहीं हो रही भारत की शक्ति

सांसद विजय बघेल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व मे हमारा देश अतिशीघ्र ही विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। यही बात पडोस के मुल्क को हजम नहीं हो रही है। कश्मीर घाटी भी शांति के पथ पर आगे बढ़ने लगा है और करोड़ो पर्यटक वहां घूमने जा रहे हैं। जिससे पूरी दुनिया में आतंक परोसने वाला पाकिस्तान और उसके आकाओं के सीने में सांप लोटने लगा है। खुद तंगहाली के कगार पर बैठा यह देश किसी भी कीमत पर भारत को अस्थिर करना चाहता है और ऐसी परिस्थिति में हम सबको एकजुटरहने की जरूरत है।

### बड़ी संख्या में जमा हुए कलाकार

सिविक सेंटर में इस दौरान बड़ी संख्या मे लोग व कलाकार जमा थे जिन्होंने देशभक्ति के नारे लगाए। सांसद ने भिलाई के सुविख्यात चित्रकार बी.एल. सोनी, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, प्रीति साहू, गुंजन शर्मा, यश दलवी, कांता देवी, लल्लेश्वरी साहू, अभिषेक सपन, प्रवीण कालमेघ, इंद्रजीत सिंह, विजय शर्मा, तरूण धोटे, प्रशांत क्षीरसागर, अशोक देवांगन, पुनिता सिंह पटेल, प्रभुचरण जेना, जीवन ज्योति, सरिता श्रीवास्तव, वीरेंद्र पटनायक तथा कार्यक्रम संयोजक डा. अंकुश देवांगन द्वारा बनाई पेन्टिंग को देखा और सराहा। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के दौरान माहौल अत्यंत ही गमगीन हो गया तथा लोग मांग करने लगे कि पाकिस्तान को कड़ी सबक सिखाई जाए तथा पीओके को वापस भारत में मिलाकर ऐतिहासिक भूल को सुधारा जाए। तभी उसके नापाक मंसूबे फेल होंगे वरना वह ऐसी हरकते करता रहेगा। सांसद ने आम जनता को भरोसा दिलाया कि सरकार अब ऐसे तत्वों को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नही छोड़ेगी।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने रुआबांधा में बीज प्रक्रिया केन्द्र का किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शनिवास को जिले के रूआबांधा स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीज उत्पादक कृषक प्रक्षेत्रों में बीज उत्पादन कार्यक्रम के पंजीयन से भुगतान तक की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी ली तथा बीज उत्पादक कृषकों के लंबित देयकों का तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने खरीफ2025 के बीज पैकिंग कार्य, रबी 2024–25 के उपार्जन से प्राप्त गेहूं, चना आदि बीज का भौतिक अवलोकन भी किया एवं बीज प्रबंधक को शीघ्र ही जिले की शून्य भंडारण वाली समितियों में खरीफधान बीज भंडारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप संचालक कृषि दुर्ग संदीप भोई, बीज प्रबंधक एसके बेहरा एवं बीज निगम से संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने की कलेक्टर अभिजीत सिंह से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में नवनिर्वाचित पदाधिकारि जिलाधीश अभिजीत सिंह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान महामंत्री अजय भसीन ने जिलाधीश महोदय से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का परिचय कराया।

प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी व प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा, भिलाई के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल व प्रदेश मंत्री मनोहर कृष्णानी व्यापारियों की हर गतिविधि का नेतृत्व करेंगे। जिला कलेक्टर को चेम्बर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड काल में चेम्बर द्वारा मानव सेवा के कार्य किये गए।



प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि चेम्बर शासन के कार्यो में अपनी सहभागिता प्रस्तुत करता रहता है।2024 लोकसभा चुनाव में चेम्बर की सहभागिता से वोटिंग का प्रतिशत बढ़ा है। पदाधिकारियो के कार्य की रूपरेखा देते हुए बताया कि चेम्बर जोन बनाकर व्यापारियों के हित की योजना में कार्य करता है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन के कार्यो में चेम्बर की भूमिका हमेशा सहयोगी के रूप में रहेगी। अभिनंदन टीम में अजय भसीन,अशोक राठी,दीपक चोपड़ा,अनिल अग्रवाल,मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, कुलदीप सिंह,विकास पांचाल,टोनी खंडेलवाल,सरमद इमाम,सुभाष साहू,शिवराज शर्मा व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## विश्व मलेरिया दिवस को लेकर हुई बैठक, फील्ड कार्यकर्ताओं को निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विश्व मलेरिया दिवस के संबंध में विगत 25 अप्रैल 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सभागार में बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी एवं प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी दुर्ग डॉ. श्रवण दोनेरिया द्वारा जिला मलेरिया कार्यालय दुर्ग के अधीन फील्ड में कार्यरत सर्वेलेंस निरीक्षकों एवं सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनव्हीबीडीसीपी) के अंतर्गत मलेरिया से बचाव के संबंध में कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया। दुर्ग जिले के सभी विकासखण्ड स्तर में मलेरिया के सकारात्मक प्रकरण मिलने पर प्रभावित क्षेत्र में सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में आरएचओ पुरूष एवं मितानिन द्वारा नगर पालिका, निगम, परिषद एवं ग्राम, नगर, जनपद, जिला पंचायत के समन्वय से रेपिड फीवर सर्वे एवं सर्वेलेंस का कार्य किया जाना है जिससे मलेरिया के लार्वा स्त्रोत पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके एवं मलेरिया का संक्रमण रोक सके। सभी शासकीय संस्थाओं में मलेरिया की जांच एवं उपचार नि:शुल्क किया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. बंजारे द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि मच्छरों के रोकथाम हेतु सप्ताह में एक दिन घर के सभी कंटेनर जैसे कूलर, पानी टंकी, जानवरों को पानी पिलाने वाले पात्र, फ्रिज अन्य कंटेनर को खाली करा कर एवं सुखाकर ही पानी भरे जिससे लार्वा पनप कर व्यस्क मच्छर ना बन पाये, जिससे मलेरिया के बीमारी पर नियंत्रण किया जा सके। बैठक में लक्की दुबे एमटीएस प्रमेश पाल लैब टेक्नीशियन सर्वेलेंस निरीक्षक विवेक कापरे, एचसी शिवारे, बीआर भुआर्य, एसके पटेरिया प्रभारी मलेरिया निरीक्षक जी मोहन राव सर्वेलेंस वर्कर आरके वर्मा, केएन तिवारी, गिरिश बंजारे, उमेश कपूर आदि उपस्थित रहे।

## दुर्ग-लालकुआं के बीच 18 फेरों के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**भिलाई।** गर्मियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने दुर्ग–लालकुआं–दुर्ग के मध्य 18 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 08771 दुर्ग–लालकुआं साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 01, 08, 15, 22, 29, मई व 05, 12, 19, 26 जून 2025 को (9 फेरे) प्रत्येक गुरुवार को चलेगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08772 लालकुआं–दुर्ग



साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआं से 02, 09, 16, 23, 30 मई व 06, 13, 20, 27 जून 2025 को (9 फेरे) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी।

### यह है इस ट्रेन की पूरी समय सारिणी

08771 दुर्ग–लालकुआं साप्ताहिक समर स्पेशल दुर्ग से प्रत्येक गुरुवार को 10.45 बजे रवाना होगी। रायपुर 11.20 बजे, उस्लापुर 13.20 बजे, पेंड्रारोड 14.55 बजे, अनूपपुर 15.40 बजे, शहडोल 16.20 बजे, तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये होते हुये दूसरे दिन शुक्रवार को 17.50 बजे लालकुआं पहुंचेगी। इसी प्रकार 08772 लालकुआं–दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआं से प्रत्येक शुक्रवार को 20.20 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया 19.46 बजे, शहडोल 21.20 बजे, अनूपपुर 22.05 बजे, पेंड्रारोड आगमन 23.00 बजे, तीसरे दिन उस्लापुर 01.15 बजे, रायपुर 3.00 बजे तथा रविवार को 4 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

# केनाल रोड फेस-2 : कैंप-2 में 40 फीट मार्किंग, विरोध में उतरे वार्ड के लोग

■ **लोगों ने कहा विकास के नाम पर किसी को बेघर न करें प्रशासन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केनाल रोड़ फेस–2 का काम शुरू होने से पहले बवाल शुरू हो गया है। शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब पीडब्ल्यूडी की टीम मार्किंग करने पहुंची। पीडब्ल्यूडी ने केनाल रोड के लिए 40 फीट की मार्किंग की जिसके कारण लोगों की नींद उड़ गई। घर से बेघर होने के डर से आनन फानन में पार्षद के साथ मोहल्ले के लोग एक जगह जमा हुए प्रशासन के खिलाफविरोध जताया। लोगों का कहना है कि विकास के नाम पर किसी को बेघर न किया जाए।

बता दें केनाल रोड का प्लान कोई नया नहीं है। शहर के बीच से गुजरने वाली नहर को अंडर ग्राउंड कर उसके ऊपर से सड़क निकालने का प्लान



बनाया गया। प्लान के अनुसार खुर्सीपार के जीरो प्वाइंट से कोहका तक इसका निर्माण किया जाना है। इसके पहले चरण में खुर्सीपार ट्रांसपोर्ट नगर रोड जीरो प्वाइंट से नंदिनी रोड तक का निर्माण कार्य पूरा हो गया और यहां आवागम भी शुरू हो चुका है। वहीं दूसरे फेस के लिए नंदिनी रोड से कोहका तक का काम शुरू किया जाना है।

### पूर्व में निगम द्वारा की गई थी 30 फीट की मार्किंग


केनाल रोड फेस 2 के लिए पूर्व में भिलाई निगम द्वारा 30 फीट की मार्किंग की गई थी। नहर के. आसपास रहने वाले आश्वस्थ थे कि यहां से सड़क बनेगी। 30 फीट की मार्किंग के बाद कई लोगों को व्यवस्थापित भी किया गया। वहीं रोड का काम शुरू नहीं होने से लोग जैसे के वैसे जमे रहे। इस बीच शनिवार को पीडब्ल्यूडी द्वारा 30 फीट की जगह 40 फीट की मार्किंग की गई जिसके कारण कई लोगों के घर, दुकान इसकी जद में आ गए। इसके बाद लोगों का विरोध शुरू हुआ।

### वार्ड पार्षद मन्नान ने जताया विरोध

केनाल रोड फेस 2 के काम का वार्ड पार्षद मन्नान ने विरोध जताया है। पार्षद ने कहा कि केनाल रोड उनके वार्ड से शुरू होकर कोहका तक जाएगी। उनके वार्ड से कुल 250 घर प्रभावित हो रहे हैं। कोहका तक हजारों मकान इसकी जद में आएंगे। पार्षद का कहना है कि खुर्सीपार में केनाल रोड बना है उसका क्या उपयोग है। बस्ती के बीच से फोरलेन सड़क निकालने का क्या मतलब है। पार्षद मन्नान का कहना है कि केनाल रोड बनाए लेकिन 40 की जगह 20 फीट की मर्किंग की जाएगी। नहर के दोनों ओर 20–20 फीट की सड़क बनाई जाए ताकि लोगों को ज्यादा नुकसान न हो।

### व्यवस्थापन के नाम पर 1 बीएचके नाकाफी

ऐसा नहीं है कि प्रशासन द्वारा केनाल रोड के नाम पर लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा इसके एवज में उन्हें व्यवस्थापन भी दिया जा रहा है। व्यवस्थापन के तहत प्रभावित परिवारों को एक बीएचके का मकान दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि व्यवस्थापन के तहत दिया जाने वाला मकान काफी छोटा है। यहां पर एक एक घर दो से तीन परिवार निवास कर रहे हैं और निगम द्वारा एक परिवार को व्यवस्थापन दिया जा रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि यहां रहकर रोजी रोटी चल रही है। केनाल रोड के कारण सभी का रोजगार भी छिन जाएगा।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### सदर बाजार की नालियों की सफाई करने के साथ अवैध पाटों को तोड़ने आयुक्त व जोन अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड के तहत सदर बाजार की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, अपर आयुक्त पंकज के. शर्मा, जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह,जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर सहित अन्य सम्बंधित निगम जोन 4 अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान सदर बाजार की नालियों की बारिश पूर्व सफाई करवाने और सफाई में बाधक सभी अवैध पाटों को तोड़कर गन्दे पानी की सुगम निकासी का सुव्यास्थित प्रबंधन करवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए है। आयुक्त ने वार्ड में स्थल सर्वे करते हुए सदर बाजार की नालियों का लेवल व्यवहारिक आवश्यकतानुसार सही करवाकर नालियों को कनेक्ट करवाने के निर्देश दिए है ताकि गन्दे पानी की वार्ड क्षेत्र से निकासी सुगमता से हो सके।

### निगम ने की प्रत्येक जोन में अवैध निर्माणों पर कार्यवाही

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम के सभी जोनों द्वारा अवैध निर्माणों के विरूद्ध अभियान पूर्वक कार्यवाही नगर निवेषक आभाष मिश्रा एवं जोन कमिष्नरों के मार्गदर्शन में जोन नगर निवेश विभाग अभियंताओं द्वारा की गई है। जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह के नेतृत्व और उप अभियंता नवीन वर्मा की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इस क्रम में जोन क्रमांक 04 के तहत वार्ड क्रमांक 44 स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के तहत बांके बिहारी मंदिर के सामने रवि गोवानी एवं श्रीमती नीलम गोवानी द्वारा लगभग 3316 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत किये गए सड़क चैड़ाई की ओर निर्माण को तोडने की कार्यवाही की गयी एवं भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह जोन 8 जोन कमिश्नर के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व और उप अभियंता लोचन प्रसाद चैहान की उपस्थिति में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में जोन क्रमांक 08 के तहत वार्ड क्रमांक 70 संत रविदास वार्ड के तहत डुमरतालाब से सरोना जाने वाले मुख्य मार्ग के पास आशीष इसरानी द्वारा लगभग 3000 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत किये गए निर्माण को तोडने की कार्यवाही की गयी एवं भवन स्वामी को पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। जोन क्षेत्र के अंतर्गत मोहबाबाजार से एम्स होते हुए टाटीबंध मुख्य मार्ग में लगभग 12 ठेलों और गुमटियों हटाने की कार्यवाही की गई।

# महापौर चौबे का बड़ा फैसला: इस साल ठेका एजेंसी नहीं, नगर निगम कर्मचारी ही करेंगे राजस्व वसूली

## राजस्व कर्मचारियों को केवल राजस्व वसूली एवं उससे संबंधित कार्यो में ही लगाया जाना उचित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा है कि रायपुर नगर निगम राजस्व विभाग अधिकारी ने उन्हें लिखकर दिया था कि इस वर्ष रायपुर नगर निगम में ठेका एजेंसी से राजस्व वसूली करवाने का कार्य किया जायेगा, किन्तु इस पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने असहमति व्यक्त करते हुए सम्बंधित नगर निगम राजस्व विभाग अधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया है कि इस वर्ष नगर निगम रायपुर का राजस्व वसूली कार्य नगर निगम राजस्व कर्मचारियों से करवाया जाये।



महापौर ने उक्त राजस्व अधिकारी को उक्त आदेश निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों ने उनसे मिलकर राजस्व वसूली कार्य ठेका एजेंसी के माध्यम से नहीं करवाकर राजस्व कर्मचारियों से करवाने की मांग की थी, जिस पर उन्होंने इस वर्ष राजस्व कर्मचारियों से निगम रायपुर की राजस्व वसूली करवाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष की गयी राजस्व वसूली पर आगे विचार कर निर्णय निगम रायपुर के हित में लिया जायेगा। महापौर ने कहा उनका लक्ष्य अधिकाधिक राजस्व वसूली करवाना है, उनका लक्ष्य ठेका एजेंसी से राजस्व वसूली करवाना नहीं है। यदि राजस्व कर्मचारी यह कार्य लक्ष्य पूरा करके करते हैं, तो राजस्व वसूली अगले वर्ष भी निगम राजस्व कर्मचारियों से करवाने को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

नगर पालिक निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों ने नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली का कार्य ठेका एजेंसी से ना कराये जाने के निर्णय से अत्यंत प्रसन्न होकर संघ के अध्यक्ष प्रमोद राव जाघव, उपाध्यक्ष श्याम सोनी, मोहित दर्रो, पदाधिकारी बमशंकर गुप्ता, मोहिब खान सहित सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, राजस्व कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती चौबे का महापौर कक्ष में पहुंचकर बुके प्रदत्त कर इस हेतु हार्दिक आभार माना एवं महापौर को महापौर कक्ष में नगर निगम राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, भोला राम साहू, खेम कुमार सेन, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर के लिए राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण कर अधिकाधिक राजस्व वसूलने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडने का वादा किया। महापौर ने कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों, राजस्व कर्मचारियों को रायपुर नगर निगम के हित को सर्वोपरि रखकर अधिकाधिक राजस्व वसूली करने संकल्प लेकर जुटने की अपील की है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कहा कि राजस्व विभाग नगर निगम का आधार स्तंभ है अत: राजस्व विभाग के कर्मचारियों को केवल राजस्व वसूली एवं उससे संबंधित कार्यों में ही लगाया जाना उचित होगा। महापौर ने प्रतिवर्ष प्रत्येक संपत्ति कर दाता को डिमांड बिल आवश्यक रूप से दिया जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। महापौर ने नगर निगम रायपुर की गैर मूल्यांकित संपत्तियों का डोर टू डोर सर्वे कर उचित आकलन किये जाने का सुझाव रायपुर नगर निगम हित में दिया है ताकि असेसमेंट कव्हरेज को 90 प्रतिशत से शत प्रतिशत के मध्य लाया जा सके। महापौर ने समय समय पर राजस्व से जुड़े सभी राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षकों, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों को ट्रेनिंग दिया जाना सुनिश्चित किये जाने निर्देशित किया है। महापौर ने सुझाव दिया है कि ट्रेनिंग में संपत्तियों की गणना, पीओएस मशीन से भुगतान प्राप्त करने की विधि, ऑनलाइन कलेक्शन से संबंधित सभी तरह के विकल्प, स्व-विवरणीयों का सत्यापन, भवन एवं भूमियों का उचित मूल्यांकन इत्यादि बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाना उचित होगा।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सुझाव दिया है कि करों की गणना, ओपन प्लॉट एवं ब्लॉक प्रॉपर्टी से संबंधित गणना, छूट का प्रावधान इत्यादि का स्पष्ट निर्देश जारी किया जाना उचित होगा। राजस्व वसूली के स्पष्ट दिशा निर्देश पश्चात राजस्व विभाग के कर्मचारियो को राजस्व का लक्ष्य वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए दिया जाना उचित होगा।

# कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों और किसानों को मिलेगा ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण

## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और कैटेलिस्ट फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कृषि के क्षेत्र में ड्रोन की बढ़ती उपयोगिता एवं अनुप्रयोग को देखते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि अनुसंधान, नवाचार और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए आज यहां कैटेलिस्ट फाउंडेशन नामक संस्था के साथ समझौता किया गया। इस समझौते के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों, युवाओं एवं किसानों को ड्रोन संचालन, रख-रखाव, मरम्मत और ओवर हॉलिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण सात से दस दिवस का होगा जिससे विद्यार्थियों को कृषि में ड्रोन अनुप्रयोग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की उपस्थित में सम्पन्न समझौता ज्ञापन पर स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनय कुमार पाण्डेय एवं कैटेलिस्ट फाऊंडेशन की ओर से पुष्पराज पाण्डेय ने हस्ताक्षर किये। समझौते के तहत छत्तीसगढ़ में छात्रों और युवाओं को ड्रोन संचालन और प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण और प्रमाणन की सुविधा के लिए भारत सरकार के महानिदेशक नागरकि उद्दयन के निर्देशों के अनुरूप कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में एक दूरस्थ पायलट प्रशिक्षण संगठन इकाई की स्थापना की जाएगी।

अनुबंध समारोह को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपित डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग निरंतर बढ़ता जा रहा है और आजकल खेतों में बीज बुआई से लेकर खाद एवं दवाओं के छिड़काव तथा फसलों की निगरानी आदि के लिए ड्रोन का प्रयोग किया जा रहा है और इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को रोजगारमूलक पाठ्यक्रमों से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा भी कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है। देश में अब तक तीन कृषि विश्वविद्यालयों में ड्रोन प्रौद्योगिकी पर सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किये गये हैं और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ड्रोन प्रौद्योगिकी पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने वाला चौथा कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। कैटेलिस्ट फाऊंडेशन, रायपुर के अध्यक्ष पुष्पराज पाण्डेय ने कहा कि बहुत से संस्थानों द्वारा कृषि के क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है और इस क्षेत्र में कुशल ड्रोन ऑपरेटरों की काफी कमी है। युवाओं को दस दिवसीय प्रशिक्षण मिलने से उनके लिए रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

समझौते के तहत विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को लक्षित करते हुए कृषि ड्रोन संचालन, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहालिंग (एमआरओ) सहित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संयुक्त संचालन किया जाएगा। कृषि में ड्रोन के अनुप्रयोगों अनुसंधान, नवाचार और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए कृषि विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचे और संसाधन सुदृढ़ीकरण का विकास किया जाएगा। कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए आईसीएआर के निर्देशों और राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप क्षमता निर्माण और कौशल वृद्धि किया जाएगा। कैटेलिस्ट फाउंडेशन के उद्योग और क्षेत्र के विशेषज्ञों के सहयोग से छात्रों के लिए प्लेसमेंट और व्यावहारिक प्रदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए.के. दवे, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, निदेशक विस्तार डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेश प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. राजेन्द्र लाकपाले सहित प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# एंटी रैगिंग और यौन उत्पीड़न से रुबरु हुई छात्राएं



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला निवारण प्रकोष्ठ और एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एंटी रैगिंग और यौन उत्पीडऩ विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को यौन उत्पीड़न के प्रति सजग करना और एंटी रैगिंग के अधिकारों से अवगत कराना था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता विपिन ठाकुर, राज्य समन्वयक (महिला एवं बाल विकास विभाग) ने विशाखा गाइडलाइन की जानकारी दी जो की महिलाओं के कार्य स्थल पर उनके साथ होने वाले अनुचित व्यवहार के लिए महिलाओं के अधिकारों की जानकारी देता है एवं अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया जो छात्राओं के साथ होने वाले अनुचित व्यवहार के प्रति अधिकारों की जानकारी देता है। उन्होंने हर संस्था में आंतरिक समिति के रूप में महिला निवारण प्रकोष्ठ की अनिवार्यता होने की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था में किसी भी प्रकार की यौन उत्पीड़न होने पर उसकी जांच एवं उसका निवारण 90 दिन के अंदर करने की अनुशंसा की। सेमिनार में छात्रों द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए, जिनका श्री ठाकुर ने सरल और स्पष्ट तरीके से उत्तर दिया। उन्होंने सभी को प्रोत्साहित किया कि किसी भी प्रकार की उत्पीडऩ की स्थिति में चुप न रहें और अधिकारपूर्वक आवाज उठाएं।

विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ. वेणु धर ने प्रत्येक संस्था में एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ बनाए जाने की अनुशंसा की जो की टेक्निकल और नॉन टेक्निकल महाविद्यालय दोनों के लिए आवश्यक है जहां पर रैगिंग लेने वाले छात्र और छात्राओं के लिए 1 साल की सजा और 10000 का जुर्माना का प्रावधान है। 2011 के रैगिंग प्रति निषेध अधिनियम के तहत यूजीसी का दिशा निर्देश है की रैगिंग करने वाले के खिलाफ शिकायत, शिकायत बॉक्स में डाला जाए। कार्यक्रम की समाप्ति पर गुरुकुल महिला महाविद्यालय की प्राचार्यद्य डॉ. संध्या गुप्ता ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर और सजग नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते है।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर 29 को रायपुर निगम में बैठक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सचिवालय द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर की विशेष सामान्य सम्मिलन की बैठक 29 अप्रैल को प्रात: 11 बजे शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान जीई मार्ग रायपुर मे एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पर अनुमोदनार्थ आहुत की गई है।

एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है। ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्चों में कमी आएगी और सुरक्षा बलो, शिक्षको और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा एवं प्रशासनिक कार्य में गति आयेगी। बार-बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यो परियोजनाएँ, शासकीय भर्तिया रूक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से बाधा दूर होगी और सरकारे अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। एक साथ चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में मदद करेगा, जिससे नीति निर्माण में स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा।

एक साथ चुनाव से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। चुनाव आयोग व राजनीतिक दलो को बार-बार चुनाव प्रचार करने के लिए भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती हैं। एक साथ चुनाव खर्च में कटौती होगी, जिससे धन का अधिक सदुपयोग हो सकेगा। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी, और कुशल बना सकता है। इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी।

# वर्ल्ड टेबल टेनिस डे पर राजधानी में सम्मानित हुए वरिष्ठ खिलाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे के अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ एवं राजधानी टेबल टेनिस संघ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 23 अप्रैल को सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में एक सादगीपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर टेबल टेनिस के वरिष्ठ खिलाड़ियों का उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने किया तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी जी एवं कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला जी थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं विनय बैसवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने किया। वर्ल्ड टेबल टेनिस डे समारोह में वरिष्ठ खिलाड़ियों तरुण राठोड़, अजीत बेनर्जी, डॉ. ऋतु दुबे, राजशेखर शर्मा, डॉ. अविनाश इंगले एवं एसए अली को सम्मान पत्र के साथ श्रीफल शाल देकर उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद घटना को दृष्टिगत रखते हुए समारोह को सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न किया गया।

समारोह में अरविंद कुमार शर्मा, विमल नायर, पंकज शुक्ला, प्रणय मजुमदार, ईरा पंत, रेणुका सुब्बा, दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, अरुण बावरिया, हरीश पांडे, सुरेश सादीजा, एसव्ही पेंढारकर, विजय वैसवाड़े, विनोद पटेरिया, जेएम राठोड़, राकेश यादव, कु. प्रिया चावड़ा, मो शफाक, एस वत्स, सहित संघ के अनेक पदाधिकारीगण, खिलाड़ीगण एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।

### भीषण गर्मी: निराश्रित पेंशन निराकरण शिविर आगामी आदेश पर्यंत स्थगित

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के शहरी गरीबी उपशमन विभाग द्वारा बैंक द्वारा निराश्रित पेंशन के हितग्राहियों की पेंशन सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु सभी 70 वार्डों में आयोजित किये जा रहे निराश्रित पेंशन समस्या निराकरण शिविर का आयोजन भीषण गर्मी को देखते हुए महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा बुलवाई गई शहरी गरीबी उपशमन विभाग की समीक्षा बैठक में एमआईसी सदस्यों और जोन अध्यक्षगणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित कर दिया गया है।









# ओह! तो इस वजह से लंदन शिफ्ट होना चाहती हैं अनुष्का



**अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के बीते कुछ दिनों से लंदन शिफ्ट होने की खबरें सामने आ रही हैं। लेकिन अनुष्का क्यों लंदन शिफ्ट हो रही हैं इसके पीछे की वजर का खुलासा माधुरी दीक्षित के पति ने किया है।**

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बीतो कुछ दिनों से लंदन में रह रहे हैं। इतना ही दोनों यहां परमानेंटली सेटल होने की भी प्लानिंग कर रहे हैं। इसकी खबरें बीते कुछ दिनों से लगातार सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। अब इसके पीछे की वजह का खुलासा हो गया है कि क्यों अनुष्का लंदन शिफ्ट होना चाहती हैं। इसका खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि माधुरी दीक्षित ने किया है। माधुरी ने हाल ही में बताया कि अनुष्का क्यों लंदन शिफ्ट होना चाहती हैं। कुछ महीने पहले ही माधुरी दीक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने, जो एक स्वास्थ्य और कल्याण चैनल चलाते हैं, ने रणवीर अल्लाहबादिया का अपने पॉडकास्ट पर स्वागत किया, जब दोनों ने विराट कोहली के लिए अपनी दीवानगी पर चर्चा की।

बातचीत के दौरान, डॉ. नेने ने अनुष्का के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा, 'मैं आपको कुछ बताऊंगा, और यही आप सीखते हैं, वे सभी एक बार में अपनी पैंट एक पैर पर पहनते हैं। हमने एक दिन अनुष्का के साथ बातचीत की, और यह बहुत दिलचस्प थी। वे लंदन जाने के बारे में सोच रहे थे क्योंकि वे अपनी सफलता का आनंद नहीं ले सकते। और हम उनकी इस परेशानी की सराहना करते हैं, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं वह ध्यान आकर्षित करता है। हम लगभग अलग-थलग पड़ जाते हैं।' डॉ. नेने ने फिर प्रसिद्धि के साथ अपने जटिल संबंधों के बारे में बात की और खुलासा किया कि अनुष्का और विराट भी लंदन चले गए क्योंकि वे अपने बच्चों को सभी चमक-दमक और ग्लैमर से दूर पालना चाहते हैं। डॉक्टर नैने ने बताया, 'मैं सभी के साथ घुल-मिल जाता हूं, मैं बिंदास हूं। लेकिन वहां भी यह चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हमेशा एक सेल्फी मोमेंट होता है। बुरे तरीके से नहीं, लेकिन एक समय ऐसा आता है जब यह दखल देने वाला हो जाता है, जब आप डिनर या लंच पर होते हैं और आपको इसके बारे में विनम्र होना पड़ता है। मेरी पत्नी के लिए यह एक मुद्दा बन जाता है। लेकिन (अनुष्का और विराट) प्यारे लोग हैं, और वे अपने बच्चों को सामान्य तरीके से पालना चाहते हैं।'

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की पहली मुलाकात 2013 में एक टेलीविजन विज्ञापन की शूटिंग के दौरान हुई थी। दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे, लेकिन अपने रिश्ते को छुपाए रखा। 2017 में इटली में एक अंतरंग समारोह में शादी के बंधन में बंध गए। इस जोड़े ने जनवरी 2021 में अपने पहले बच्चे एक बच्ची का स्वागत किया और उसका नाम वामिका रखा। बाद में फरवरी 2024 में वे एक बच्चे के गौरवशाली माता-पिता बन गए और उसका नाम अकाय रखा गया। अब अनुष्का अपने बच्चों को ग्लैमर और चमक धमक की दुनिया से दूर सामान्य जिंदगी देना चाहती हैं। अनुष्का शर्मा चाहती हैं कि भारत में उनके बच्चों को हमेशा ही लाइम लाइट में रखा जाएगा।

# उलझन में वामिका गब्बी, खुद ही बोल पड़ीं आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है

**बॉलीवुड एक्ट्रेस वामिका गब्बी अपनी अपकमिंग फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर फैंस जितना उत्सुक हैं, उतना ही एक्साइटेड वह अभिनेत्री की पोस्ट को लेकर भी दिखाई देते हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की और लिखा कि वह थोड़ी कंफ्यूज्ड हैं।**

वामिका ने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका क्लोज-अप शॉट है। वामिका ने ब्लैक कलर का टॉप पहना हुआ है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है।

इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है पर दिल में प्यार बरकरार है।

कैप्शन में उन्होंने वाइट हार्ट और पिंक फ्लावर इमोजी का भी इस्तेमाल किया है।

भूल चुक माफ के बारे में बात करते हुए, मेकर्स ने फिल्म का हाल ही में नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज किया, जिसमें वामिका राजकुमार संग रोमांस करती नजर आईं। इस गाने को सुनिधि चौहान और नीरज श्रीधर ने गाया है। वहीं, कंपोज प्रीतम और तनिष्क बागची ने किया है। यह गाना सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल के सॉन्ग चोर बजारी का रीमेक है, जिसमें वह दीपिका पादुकोण के साथ नजर आए थे। फिल्म में राजकुमार रंजन




तिवारी और वामिका गब्बी तितली मिश्रा के किरदार में हैं। दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक है।

गाने को लेकर वामिका गब्बी ने कहा, चोर बाजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! इसमें ड्रामा है, डांस है और हर बीट में तितली की मजेदार शरारत है। मुझे लगता है कि दर्शकों को गाने में रंजन और तितली की मस्ती पसंद आएगी। यह मजेदार है!

फिल्म में राजकुमार और वामिका के अलावा जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा और सीमा पाहवा लीड रोल में नजर आएंगे। इसका निर्देशन करण शर्मा ने किया है।

# करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम पर शेयर की लेटेस्ट फोटोज, फैंस ने नेचुरल ब्यूटी का दिया टैग



**मशहूर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा।**

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटोज में करिश्मा डेनिम जींस और वाइट टॉप में नजर आ रही हैं। वह सभी फोटोज में बैठे हुए शानदार पोज दे रही हैं और अपने फेस एक्सप्रेशन से कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस की यह फोटोज अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

## एक यूजर ने लिखा- लवली

दूसरे यूजर ने कमेंट में लिखा- उफ्फ! तुम्हारी मदहोश आंखें एक अन्य यूजर ने लिखा- नेचुरल ब्यूटी एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने 2001 में टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरुआत की। वह बाल वीर, नागिन 3, कयामत की रात जैसी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिसमें दोस्ती: फ्रेंड्स फॉरएवर, ग्रैंड मस्ती, संजू जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज करले तू भी मोहब्बत और स्कूप में भी काम किया है।

वह रियलिटी शो बिग बॉस 7 की रनर-अप रहीं। उन्होंने झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शोज भी किए। वह खतरों के खिलाड़ी 10 की विजेता रही हैं। तन्ना अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी की। वरुण बंगेरा एक बिजनसमैन हैं और वीबी क्रॉप नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। दोनों पहली बार कॉमन फ्रेंड सुवेद लोहिया की पार्टी में मिले थे। तकरीबन दो साल तक डेट करने के बाद दोनों 5 फरवरी 2022 को शादी के बंधन में बंध गए।

# शादी के 9 साल बाद तलाक ले रहे दिव्यांका-विवेक, एक्टर ने गुस्से में दिया जवाब, बोले- हां, हो रहा है



**दिव्यांका त्रिपाठी टीवी की एक मशहूर अभिनेत्री है और आपको बता दें कि एक्टर विवेक दहिया के साथ में उनकी शादी को 9 साल हो चुके हैं। लेकिन कुछ वक्त पहले दोनों की तलाक की खबर सामने आई थी। अब हाल ही में इन खबरों को लेकर कपल ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में बात की है। दिव्यांका त्रिपाठी अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफसे कहीं ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती है। पिछले कुछ वक्त से खबर आई कि वह अपने पति विवेक दहिया से तलाक लेने जा रही हैं। अब हाल ही में इस कपल ने इस अफवाह पर चुप्पी तोड़ दी है।**

दरअसल आपको बता दे कि एक यूजर ने इस कपल की वीडियो पर तलाक को लेकर कमेंट किया था और इस पर विवेक दहिया ने सबको करारा जवाब दे दिया है। विवेक दहिया ने कहा कि हां हो रहा है, लेकिन क्या जो तलाक लेने वाले होते हैं वह क्या साथ में यह सब करते हैं। साथ में खाना बनाते हैं?

दिव्यांका त्रिपाठी भी इस पर आगे कहती है कि पति डेंगू वाली पत्नी के कैलोरी के लिए चॉकलेट बना रहा है क्या तलाक लेते तो यह बनता? विवेक दहिया ने इस पर आगे बात करते हुए कहा कि आप प्लीज हर चीज को सच मत माना करो। यह सब नंबर्स के लिए होता है और आप सब इतने भोले मत बनो।

दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया ने बेबी प्लैनिंग को लेकर इस दौरान बात की। विवेक ने कहा कि इसका जवाब मेरे पास में नहीं है और यह तो ऊपर वाला ही जानता है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस कपल ने 8 जुलाई 2016 को शादी की थी।

# 36 की उम्र में प्रेग्नेंट हुईं एक्ट्रेस, शादी के 4 साल बाद बनेंगी मां, दिव्यांका त्रिपाठी ने दिया रिएक्शन

**करण पटेल और दिव्यांका त्रिपाठी स्टारर शो 'ये हैं मोहब्बतें' में अहम किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस शिरीन मिर्जा जल्द ही मां बनने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में क्यूट वीडियो शेयर कर अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की। शिरीन मिर्जा शादी के 4 साल बाद मां बनने जा रही हैं।**

'ये हैं मोहब्बतें' फेम एक्ट्रेस शिरीन मिर्जा ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की। एक्ट्रेस ने क्यूट मैटरनिटी वीडियो शेयर करते हुए ऐलान किया कि वो जल्द ही मां बनने वाली हैं। शिरीन ने अपने वीडियो के साथ ही अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए एक लंबा नोट भी लिखा।

शिरीन मिर्जा अपने वीडियो में बेबी बंप फ्लॉन्ट करते दिख रही हैं। वो मैटरनिटी शूट के दौरान पति हसन सरताज के साथ ब्राउन रंग के आउटफिट में ट्विनिंग करते दिखीं। एक्ट्रेस शादी के 4 साल बाद मां बनने जा रही हैं। शिरीन मिर्जा ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हमारी दुआओं की खामोशी में अल्लाह ने हमारी सुन ली और क्या सही समय पर सुना। अल्लाह ने चमत्कार कर दिखाया और हमें इस तोहफे से नवाजा। कपल अपने पोस्ट में आगे लिखता है, एक नन्ही सी जान।। आधी मेरी।।आधी तुम्हारी। हमें तुम्हें अपने प्यार और पूरे विश्वास के साथ बड़ा कर रहे हैं। हमारी छोटी सी जान आने वाली है। हम हमारे जीवन का नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं, हमारे दिल में सिर्फदुआएं ही हैं।

शिरीन मिर्जा और हसन सरताज के वीडियो पर उनके दोस्तों ने जमकर प्यार लुटाया है। शिरीन की बेस्टफ्रेंड कृष्णा मुखर्जी ने उनके मैटरनिटी वीडियो को शेयर कर कपल को ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं। एक्ट्रेस की को-स्टार दिव्यांका त्रिपाठी ने भी कपल पर प्यार लुटाया। दिव्यांका ने शिरीन के साथ वीडियो कॉल का स्क्रीनशॉट शेयर कर कपल को बधाई दी। शिरीन ने ये हैं मोहब्बतें फेम एक्ट्रेस के वीडियो



को रीशेयर किया है। अभिनेत्री रक्षंदा खान ने भी कपल के वीडियो पर कमेंट करते हुए उन्हें उनके जीवन की नई शुरुआत करने पर बधाई दी है। वो कमेंट करते हुए लिखती हैं, वाह क्या खबर सुनाई। अल्लाह तुम दोनों को हमेशा खुश रखे। शिरीन मिर्जा ने साल 2021 में अपने शहर जयपुर में हसन सरताज संग निकाह किया था। कपल की शादी में एक्ट्रेस के इंडस्ट्री के कई दोस्त शामिल हुए थे। कृष्णा मुखर्जी, दिव्यांका त्रिपाठी, अली गोनी सहित कई लोग शामिल हुए थे।

# गर्मियों के दौरान अपने लिपस्टिक कलेक्शन में शामिल करें ये 5 शेड

**गर्मियों के दौरान लिपस्टिक का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि इस मौसम में पसीना और नमी के कारण लिपस्टिक के शेड बदल सकते हैं। हालांकि, अगर आप अपनी लिपस्टिक कलेक्शन में सही शेड शामिल करें तो इस समस्या से बच सकते हैं।**

## कोरल शेड लिपस्टिक

कोरल लिपस्टिक गर्मियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है क्योंकि यह आपके होंठों को एक अच्छा लुक देती है। यह शेड न केवल आपके चेहरे की रंगत को निखारता है, बल्कि आपको एक ताजगी भरा और युवा दिखाता है। कोरल शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। इस शेड का चयन करके आप गर्मियों में भी बेहद खूबसूरत लगेंगी।

## रेड शेड लिपस्टिक


रेड शेड लिपस्टिक कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती और हर मौसम में चलन में रहती है। गर्मियों में इसे लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है। रेड शेड लिपस्टिक आपके होंठों को एक चमकदार और बोल्ड लुक देती है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। इस शेड का चयन करके आप गर्मियों में भी बेहद खूबसूरत लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## फूशिया शेड लिपस्टिक

फूशिया शेड लिपस्टिक एक ऐसा रंग है, जो आपके होंठों को न केवल चमकदार बनाता है, बल्कि पूरे चेहरे को भी ताजगी भरा लुक देता है। इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। फूशिया शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। यह शेड गर्मियों में भी बहुत सुंदर दिखता है।

## रोज शेड लिपस्टिक

रोज लिपस्टिक एक ऐसा शेड है, जो आपके होंठों को प्राकृतिक सुंदरता से भर देता है और उन्हें नमी भी प्रदान करता है। इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।



रोज शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।

## न्यूड शेड लिपस्टिक


न्यूड लिपस्टिक एक ऐसा शेड है, जो आपके होंठों को प्राकृतिक लुक देता है। इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। न्यूड शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। यह शेड गर्मियों में भी बहुत सुंदर दिखता है, जिससे आप हर मौके पर खास लगेंगी।

# नाक के मुंहासे से हैं परेशान? इन 5 घरेलू नुस्खों को आजमाएं

**नाक के मुंहासे एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। ये मुंहासे न केवल असुविधाजनक होते हैं, बल्कि चेहरे की सुंदरता को भी प्रभावित करते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप नाक के मुंहासों से राहत पा सकते हैं और अपने चेहरे को साफ-सुथरा रख सकते हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से इन समस्याओं का सामना कर सकते हैं।**

## खाने का सोडा का इस्तेमाल करें

खाने का सोडा एक असरदार सामग्री है, जो आपकी नाक के मुंहासों को कम करने में मदद कर सकती है। इसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित क्षेत्र पर हल्के हाथों से लगाएं। 5-10 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और मुंहासों को कम करने में मदद करती है। नियमित उपयोग से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।



## एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो नाक के मुंहासों को कम करने में मदद करता है। एलोवेरा में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो सूजन को कम करते हैं और त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं। इसे रोजाना रात को सोने से पहले अपनी नाक पर लगाएं और सुबह उठकर धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहेगी। यह उपाय न केवल असरदार है, बल्कि त्वचा को पोषण भी देता है।

## टी ट्री तेल का प्रयोग करें

टी ट्री तेल एक में जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो नाक के मुंहासों को कम करने में सहायक हो सकते हैं। लाभ के लिए इसे रूई पर लेकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर चेहरे को साफ पानी से धो लें। यह उपाय त्वचा को ताजगी देता है और मुंहासों को कम करने में मदद करता है। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहेगी।

## नींबू का रस लगाएं

नींबू का रस विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो त्वचा की सफाई करता है और मुंहासों को कम करता है। लाभ के लिए एक कप पानी में नींबू का रस मिलाकर रूई की मदद से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और नमी प्रदान करती है। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहती है।

## शहद का उपयोग करें

शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जो त्वचा को नरम बनाता है और मुंहासों को कम करता है। लाभ के लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपनी नाक पर थोड़ा-सा शहद लगाएं और सुबह उठकर धो लें। इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से अपनी नाक के मुंहासों से राहत पा सकते हैं और अपने चेहरे को साफ-सुथरा रख सकते हैं। इन नुस्खों का नियमित उपयोग आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करेगा।

## खास खबर

### अग्रसेन गौशाला में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** शनिवार विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर अग्रसेन गौशाला, चढ़िश्मा, अंबिकापुर में पशुधन विकास विभाग द्वारा बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर में 305 पशुओं का गलघोंटू एवं एक टैगिया रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। साथ ही 208 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाई गई और 19 पशुओं का उपचार भी किया गया।

शिविर का शुभारंभ पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. आरपी शुक्ला, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. सीके मिश्रा एवं गौशाला के अध्यक्ष हीरालाल गर्ग द्वारा गाय और बधिया को माला पहनाकर एवं गुड़ खिलाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील मिंज द्वारा गौशाला के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुपालकों एवं गौशाला प्रबंधकों को पशुओं के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और प्रबंधन के विषय में तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया। शिविर में गौशाला के उपाध्यक्ष जय भगवान अग्रवाल, राम निवास जायसवाल, पशु चिकित्सा सहायक अल्पज्ञ डॉ. सुनील मिंज, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी बृजेंद्र सिंह एवं उमेश कुशवाहा सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पहलगाम हत्या के विरोध में चारामा में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे

**कांकेर।** चारामा में शनिवार को व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंदू पर्यटकों की हत्या के विरोध में नगर पंचायत के पदाधिकारियों और हिंदू जागरण मंच ने बंद का आह्वान किया है। इस दौरान केवल मेडिकल स्टोर्स जैसी आवश्यक दुकानें ही खुली है। मंच का कहना है कि पहलगाम में विभिन्न प्रांतों से आए 28 सनातन धर्मी पर्यटकों की हत्या की गई थी। आरोप है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा और कलमा पढ़वाया। उन्हें कपड़े उतारने को मजबूर किया गया। मुस्लिम नही होने की पुष्टि के बाद उन्हें गोलियों से मार दिया गया। चारामा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस्लामिक आतंकवादी संगठनों और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ को जोड़ने वाली खंडी नदी पर वृहद पुल का निर्माण की मिली स्वीकृति



**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर अंतागढ़ मार्ग पर पडने वाली खंडी नदी पर 6 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से वृहद पुल का निर्माण किया जाना है इसकी स्वीकृति राज्य शासन ने दी है, इसके साथ ही दुर्गूकोंदल ब्लॉक के महेंद्रपुर सटेली गुलालबोडी मार्ग पर पुलिया सहित सडक निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके लिए 5 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गयी है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी एवं भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर के अधिकृत प्रयास से यह दोनों कार्यों की सुकृति राज्य शासन वित्त मंत्री ओपी चौधरी नें अपने बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान की है । उक्त जानकारी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान के द्वारा आज शुक्रवार को दी गई हैं। विदित हो कि भानुप्रतापपुर केवटी मार्ग पर खंडी नदी में बना पुल जर्जर हो चुका है, इसके निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिस पर राज्य शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# जिले की ऐतिहासिक धरती पर 29 करोड़ वर्ष पुरानी जीवाश्म हमारे क्षेत्र के लिए है गौरवान्वित-जायसवाल

## गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का लोकार्पण समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज



**एमसीबी।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा क्षेत्र में गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का लोकार्पण बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धमेन्द्र पटवा, नई लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र राणा सभी जनपद सदस्य एवं पार्षदगण गणमान्य नागरिक एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री व्दारा गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का उद्घाटन रिबन काट किया साथ ही पार्क में बने हजारों वर्षों विलुप्त जीवाश्म का निरीक्षण करते हुए बम्बू राफ्टिंग में बैठकर हसदेव नदी का भ्रमण किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छत्तीसगढ़ महतारी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। वनमंडल अधिकारी मनीष कश्यप ने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पार्क 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवन के अवशेषों का संरक्षण स्थल है। इस समुद्री जीवों के जीवाश्म आज भी आमाखेरवा क्षेत्र में सुरक्षित अवस्था में उपलब्ध हैं, जो पृथ्वी के भूगर्भीय इतिहास के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। हसदेव नदी के तट पर स्थित यह स्थल प्राचीन जीवाश्म का हिस्सा रहा है, जहाँ आज भी समुद्री जीवन के प्राचीन अवशेष मिलते हैं। अब यह गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के रूप में इसे संरक्षित कर आमजन के लिए भी सुलभ बनाया गया है। गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क में वर्तमान में 35 जीवाश्म संरचनाओं की प्रकृतियाँ स्थापित की गई है, जिनमें से कई मूर्तियां राजस्थान सहित अन्य राज्यों के मूर्तिकारों द्वारा निर्मित की गई हैं। पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए बम्बू राफ्टिंग, वुडिंग, पैडल वॉकिंग जैसी रोमांचक गतिविधियां भी आरंभ की गई हैं। जैव विविधता के संवर्धन हेतु मंकी टेल, डेंगन बेलिया, कैप्स जैसे दुर्लभ प्रजातियों के पौधों का रोपण कर इस स्थल को हरित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है।

मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज का दिन मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है। गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क हमारे क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर है, जो विश्व स्तर पर छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवन के अद्भुत प्रमाणों का संरक्षण स्थल है, बल्कि पृथ्वी के भूगर्भीय विकासक्रम को समझने का अद्वितीय अवसर भी प्रदान करता है। जब धरती दो विशाल भूभागों लॉरेशिया और गोंडवाना लैंड में विभाजित थी, तब यह क्षेत्र समुद्री जीवन से परिपूर्ण था। आज उसी युग के जीवाश्म आमाखेरवा की धरती पर जीवंत प्रमाण स्वरूप उपलब्ध हैं, जो हमें हमारी धरती के प्राचीन इतिहास से जोड़ते हैं। जिनमें कई संरचनाएं छत्तीसगढ़ के फॉसिल पार्क से समानता रखती है।

गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क इन मान्यताओं को वैज्ञानिक आधार प्रदान करता है, क्योंकि यहां मिले जीवाश्म इस बात का प्रमाण है कि कभी यह क्षेत्र एक समुद्र के नीचे था। इस पार्क की खोज 1954 में भूवैज्ञानिक एस. के. घोष ने कोयला खनन के दौरान की थी। जब कोयले की परतों के बीच उन्हें समुद्री जीवों के जीवाश्म मिले, तो यह खोज भूगर्भीय विज्ञान के लिए बढ़ाने वाली थी। तब शोध में पता चला कि यह जीवाश्म पर्मियन युग के हैं और समुद्री जल में जीवन की विविधता की दशार्ते है। यह मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का विकास न केवल ऐतिहासिक चेतना को सहेजेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन, रोजगार तथा आर्थिक गतिविधियों को भी नया आयाम देगा। उन्होंने वन विभाग और निर्माण एजेंसियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों से इस धरोहर के संरक्षण तथा प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

समारोह में शामिल सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का अवलोकन कर जीवाश्म संरचनाओं का नजदीक से अध्ययन किया और इसके वैज्ञानिक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक महत्व को समझा। आयोजन स्थल पर उपस्थित जनसमुदाय के चेहरों पर उत्साह, गर्व और आश्चर्य का भाव स्पष्ट परिलक्षित हो रहा था। सभी ने इस अनूठी धरोहर के संरक्षण हेतु अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस कार्यक्रम में ओम प्रकाश जायसवाल, अनिल प्रजापति, रामजीत लकड़ा, अनीता सिंह, उषा करियम, डॉ अविनाश खरे, महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ कश्यप, डॉक्टर लाखन सिंह, मुक्त चौहान, डॉक्टर पुष्पेंद्र सोनी, संतोष सोनी, सोमेंद्र मंडल, संतोष नायक, धनीराम यादव, डॉ अतीक सोनी, एसडीएम लिंगराज सिदार, स्वप्निल सिंह सभी पार्षदगण और जनप्रतिनिधि, सभी अधिकारीगण और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे ।

# दिवंगत दिनेश के परिवार से मिले कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** पहलगाम हमले में अपनी जान गंवाने वाले रायपुर के दिनेश मिरानिया के परिवार से मिलने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह पहुंचे। इस दौरान परिवार से मिलकर मृतात्मा की शांति की प्रार्थना की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत दिनेश मिरानिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

बता दें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने सैलानियों को निशाना बनाया। नाम पूछकर आतंकियों ने एक एक कर 26 पर्यटकों को गोली मार दी। इस हमले में रायपुर समता कालोनी कारोबारी दिनेश मिरानिया को भी गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। दिनेश मिरानिया का शव गुरुवार को रायपुर पहुंचा। रायपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने उनके शव को कंधा दिया था।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने समता कॉलोनी निवासी दिनेश मिरानिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शनिवार को वे स्व दिनेश मिरानिया के निवास पहुंचे और परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि परमात्मा स्व दिनेश मिरानिया की दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करें।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा पेंशनर्स फोरम का हुआ गठन



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों की रक्षा एवं उनके सतत् योगदान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पेंशनर्स फोरम का गठन किया है। इस अवसर पर फेडरेशन ने प्रेरणादायक नारा दिया। सेवा के साथ भी, सेवा के बाद भी, जो संगठन के समर्पण और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है।

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रवक्ता जीआर चंद्रा एवं चंद्रशेखर तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीपी शर्मा को पेंशनर्स फोरम का संयोजक नियुक्त किया है। भूपेंद्र पांडे एवं डॉ. केएल तांडेकर को महासचिव, चेतन भारती, प्रदीप वर्मा एवं आर के रिछारिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही 33 जिलों में संयोजक भी नियुक्त किया गया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मियों का अनुभव, ज्ञान और सेवा भावना राज्य के विकास में अनमोल योगदान दे सकती है।

फोरम के गठन के साथ ही एक कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया है, जो नियमित बैठकें आयोजित कर पेंशनर्स की मांगों और कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य करेगी। पेंशनर्स फोरम के प्रांतीय कार्यकारिणी में राजेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी, राजेन्द्र दवे उपाध्यक्ष, यशवंत सिंह वर्मा उपाध्यक्ष, केएल रवि उपाध्यक्ष, रमेश तिवारी उपाध्यक्ष, उमेश मुदलियार उपाध्यक्ष, रूपेश तिवारी उपाध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी, गोपाल सिंह पवार उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी, विश्राम निर्मलकर उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी, नीलकंठ शार्दुल उपाध्यक्ष एवं बस्तर संभाग प्रभारी, आरके ठाकुर कोषाध्यक्ष, आरके तिवारी उपाध्यक्ष, कौशल कुमार वर्मा संगठन मंत्री, चंद्रिका प्रसाद देवांगन सचिव, सीके जायसवाल संगठन मंत्री, नितिन कुम्हारे महासचिव, हरिशंकर सिंह सचिव, विद्यासागर ध्रुव उपाध्यक्ष, केपी दीक्षित सचिव, मुकेश पाण्डेय संगठन मंत्री, श्रवण ठाकुर संगठन मंत्री, सुनील नायक कार्यालय सचिव, हरिराम शर्मा संयुक्त सचिव, रविन्द्र सिंह चैहान संयुक्त सचिव, जवाहर गुप्ता संयुक्त सचिव को शामिल किया गया है।

# नमो नमो संगठन ने 'मन की बात' के साथ लिया मासिक बैठक का संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नमो नमो संगठन ने एक प्रेरणादायक पहल के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अग्रमोदी के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया कि प्रत्येक माह 'मन की बात' को सुनने के बाद संगठन की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। यह निर्णय समाज में सकारात्मकता और प्रेरणा का संचार करने के उद्देश्य से लिया गया।



कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री अश्वनी कुमार सहित सभी पदाधिकारी और सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। 'मन की बात' के नवीनतम संस्करण में उठाए गए विषयों ने उपस्थित सभी लोगों को देश सेवा और सामाजिक उत्थान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अग्रमोदी जी ने कहा, 'मन की बात' न केवल हमें देश की प्रगति और चुनौतियों से जोड़ता है, बल्कि यह हमें समाज के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा भी देता है। हमारा यह संकल्प संगठन को और सशक्त बनाएगा।

संगठन ने इस पहल के माध्यम से आम जनता को भी 'मन की बात' सुनने और इसके संदेशों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। अश्वनी कुमार ने जोर देकर कहा, यह कार्यक्रम न सिर्फ विचारों का आदान-प्रदान है, बल्कि यह समाज में एकता और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक भी है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे इस पहल से जुड़ें और देश के विकास में योगदान दें।

नमो नमो संगठन की यह पहल न केवल इसके सदस्यों को एकजुट करने का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज के अन्य वर्गों को भी 'मन की बात' के प्रेरणादायक संदेशों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। संगठन का यह प्रयास सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में नीरज अग्रवाल ,प्रतीक बेहेरा, अभिषेक भारद्वाज, शैलेन्द्र सोमवंशी, सरोज साहू, रितेश राठौड़, परमानंद बंदीझोर, विशु नेगी मौजूद रहे।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# छत्तीसगढ़ में पकड़ाया 80 लाख का गांजा, ओड़िशा का तस्कर भी गिरफ्तार, कार में भरा था 183 किलो गांजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गांजा तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में ओड़िशा से गांजा लेकर जा रहा कार हादसे का शिकार हो गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कार में गांजे के पैकेट भरे हुए थे। पुलिस ने कार से कुल 183 किलो गांजा बरामद किया जिसकी कीमत 80 लाख रुपए आंकी गई है। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया था जिसे जंगल में सर्च कर पकड़ा गया। एनडीपीएस की धारा 20(B) के तहत कार्रवाई की गई।



मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल की रात को बगीचा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम कुहापानी, थाना बगीचा के पास मेन रोड में एक मारुति अर्टिगा गाड़ी क्रमांक CG12BQ1606 दुर्घटनाग्रस्त होकर पड़ा हुआ है, जिसमें की भारी मात्रा में गांजा भरा हुआ है। बगीचा पुलिस ने तत्काल सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र मुखबिर के बताए गए घटना स्थल जाकर सूचना की तस्दीक की गई। ग्राम कुहापानी के पास मेन रोड में दुर्घटनाग्रस्त अर्टिगा गाड़ी खड़ी है, जिसमे कि पीली रंग की टेप से लिपटा हुए गांजा से भरे कुल 183 पैकेट बरामद किया गया। कार चालक नहीं मिला।

पुलिस के द्वारा जब अर्टिगा गाड़ी की तलाशी ली जा रही थी, तब गाड़ी में खून के धब्बे दिखे, जिससे ज्ञात हुआ कि गाड़ी के चालक या परिचालक को जरूर गंभीर चोट लगी होगी, वह ज्यादा दूर नहीं गया होगा। पुलिस ने जब इस संबंध में मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से पूछताछ की, तो ग्रामीणों ने बताया कि अर्टिगा कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के तुरंत बाद गाड़ी से निकल कर एक व्यक्ति जंगल की तरफ भागा है। जिसके सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को अवगत कराने पर उनके नेतृत्व में तत्काल पुलिस की तीन टीम गठित की गई, जिसमें से एक टीम जंगल में संदेही घायल वाहन चालक की खोजने हेतु सर्च अभियान चला रही थी।


दूसरी टीम मौके पर गांजे से भरी दुर्घटनाग्रस्त अर्टिगा गाड़ी की सुरक्षा कर रही थी व तीसरी टीम तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी के नंबर प्लेट में दर्ज वाहन क्रमांक CG12BQ1606 के आधार पर, आरटीओ से वाहन मालिक के संबंध में जानकारी लेकर पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से मोबाइल लोकेशन के आधार पर वाहन मालिक की पता साजी के बलरामपुर रवाना हुई थी, जहां जिला बलरामपुर पुलिस की मदद से,उक्त नंबर प्लेट के आधार पर वाहन मालिक का एक बराती गाड़ी में होना पता चला। पुलिस के द्वारा गाड़ी को रुकवाकर वाहन मालिक को खोज पूछताछ किया गया, तब वाहन मालिक के द्वारा तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी को अपना मानने से लगातार इनकार कर दिया। उसने बताया कि CG12BQ1606 वाहन क्रमांक की उसकी मारुति अर्टिगा गाड़ी उसके घर कोरबा में खड़ी है, जिसके सम्बन्ध में पुलिस ने मोबाइल के द्वारा वीडियो कॉल से तस्दीक करने पर पाया कि उक्त नंबर की गाड़ी कोरबा में, वाहन मालिक के घर में ही खड़ी है।

इसी दौरान घटना स्थल में स्थित पुलिस की सर्च टीम के द्वारा संदेही अर्टिगा कार की तलाशी ली गई तो उसमें छुपाकर रखा गया, संदेही गाड़ी का एक और नंबर प्लेट मिला। जिसमें कि वाहन क्रमांक OD16L9339 दर्ज है, जिसके सम्बन्ध में आरटीओ से जानकारी लेने पर वाहन मालिक, संबलपुर (उड़िसा) का होना पता चला है, जिसके सम्बन्ध में पुलिस की जांच जारी है। तस्करों के द्वारा तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा वाहन में पुलिस को गुमराह करने के लिए किसी दूसरे वाहन का नंबर प्लेट उपयोग किया जा रहा था। घटना स्थल के पास के जंगल में पुलिस की टीम के द्वारा जब सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था, तभी रात्रि करीबन 3.00 बजे के लगभग जंगल की झाड़ियों में किसी की कराहने की आवाज आ रही थी, पुलिस ने जब आवाज की दिशा में जाकर झाड़ियों में देखा तो पाया कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में झाड़ियों में छुपा बैठा है, जिसे पुलिस के द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम राशिद अहमद व राउरकेला (उड़ीसा) का निवासी होना बताया गया।

पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अवैध मादक पदार्थ गांजा को उड़ीसा राज्य से बिक्री हेतु अंबिकापुर की ओर ले जा रहा था, इसी दौरान नारायणपुर के पास मेन रोड में पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी को देखकर, भयवश अपनी अर्टिगा कार को अत्यधिक तेजी से भगाते हुए ले जा रहा था, कि इसी दौरान आगे जाकर उसकी गाड़ी का अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने वाहन चालक आरोपी तस्कर रशीद अहमद निवासी राउरकेला (उड़ीसा) के विरुद्ध थाना बगीचा में 20बी, एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से एक-एक किलो वजनी के कुल 183 पैकेट में भूरे रंग की टेप से लिपटा हुआ, कुल 01 क्विंटल 83 किलो, अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद कर जब्त किया गया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा कार, व नंबर प्लेट क्रमांक OD16L9339 को भी जप्त कर लिया गया है। जब्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 80लाख रुपए से अधिक है। पुलिस के द्वारा आरोपी तस्कर रशीद अहमद के घायल होने के कारण शासकीय अस्पताल बगीचा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है, पुलिस की अग्रिम कार्यवाही जारी है।

मामले में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संत लाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक उमेश प्रभाकर, रामनाथ राम, आरक्षक मुकेश पांडे, उमेश भारद्वाज, रामबृक्ष पैंकरा, रामप्रकाश यादव व नगरसैनिक मुरली रवि की सराहनीय भूमिका रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस ऑपरेशन आघात के तहत् अवैध शराब व गांजा के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है, इस साल अभी तक जशपुर पुलिस 572 किलो अवैध गांजा व 14 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ चुकी है, ऑपरेशन आघात आगे भी जारी रहेगा।

## खास खबर



### कार ने युवक को कुचला, मौत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भाजपा कार्यकर्ता को दूल्हे की गाड़ी ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कार्यकर्ता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दरअसल, डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम रेंगाडबरी निवासी भाजपा कार्यकर्ता डोमेन्द्र निषाद (25 वर्ष) शुक्रवार को अपने रिश्तेदार को छोड़ने मोहला गया था। लौटते समय अंबागढ़ चौकी मार्ग पर ग्राम आड़ेझर के पास उनकी बाइक की टक्कर एक दूल्हे की कार से हो गई। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए डोमेंद्र निषाद को तत्काल इलाज के लिए राजनांदगांव अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। इसके बाद शनिवार को राजनांदगांव में पोस्टमार्टम के बाद दोपहर 3 बजे शव उसके गृहग्राम भेजा गया। जहां ग्रामीणों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने बताया कि डोमेंद्र निषाद की असमय मौत से भाजपा परिवार में शोक की लहर है। डोमेंद्र पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं में से एक था, जो गांव और क्षेत्र के मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखता था। उनके जाने से युवाओं में गहरा दुख और मायूसी है। बहुत कम उम्र में निधन होने से न केवल परिवार, बल्कि पूरा गांव शोक में डूबा है।

### खाने बैठे लोगों को पिकअप ने रौंदा

**बालोद( ए. )।** जिले में पिकअप चालक ने शादी घर में वाहन घुसा दी। इस दौरान खाना खा रहे 6 लोगों को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि, आरोपी ड्राइवर शराब के नशे में था। पूरा मामला गुंडरदेही थाना क्षेत्र के हल्दी गांव का है।

ग्रामीणों ने चालक का पीछा कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं शनिवार को शादी समारोह में खाना खाने से 51 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। जिनमें एक साल से लेकर 16 साल के उम्र के 43 बच्चे और 8 वयस्क बच्चे शामिल हैं। बूंदी खाने के बाद सभी को उल्टी व दस्त शिकायत होने लगी, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला मेडिकल कॉलेज के डीन कमल किशोर सहारे ने बताया कि, रात में एक के बाद एक लगातार मरीज आते रहे। अस्पताल में डॉक्टरों व पेडयरिंग की टीम ने मरीजों का इलाज शुरू किया। जहां 3 बच्चों की हालत गंभीर थी, लेकिन अब उन पर नियंत्रण पा लिया गया है। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है। खराब खाने के कारण इनकी तबीयत बिगड़ी है।

### नर्सरी में लगी आग, मचा हड़कंप

**सरगुजा ( ए. )।** सरगुजा जिले के टपरकेला में बांस की नर्सरी में रविवार को आग लग गई। भीषण गर्मी के बीच आग पूरी नर्सरी में फैल गई। जिला पंचायत सदस्य अनिमा केरकेट्टा की सूचना पर मौके पर पहुंची और सूचना वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना के बाद भी कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। दिन के ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन शाम होते ही आग फिर से भड़क गई है। इससे लाखों के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक, दरिमा क्षेत्र के टपरकेला में कई एकड़ में बांस की नर्सरी लगाई गई है। शनिवार सुबह बांस की नर्सरी में आग लग गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य अनिमा केरकेट्टा को दी तो उन्होंने ग्रामीणों से ही आग पर काबू करने की कोशिश करने को कहा और स्वयं मौके पर पहुंची।

दोपहर तक कोशिश के बाद ग्रामीणों ने सूखी पत्तियों को हटाकर आग को फैलने से काफी हद तक रोक लिया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन शाम को फिर से नर्सरी में आग फैल गई। इसकी सूचना अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी कोई मौके पर नहीं पहुंचा। शाम को पूरे नर्सरी में आग भड़क गई है। आग के भयावह होने के बाद ग्रामीण भी लाचार हैं। जिला पंचायत सदस्य अनिमा केरकेट्टा ने कहा कि आगजनी से कई एकड़ में लगी बांस की नर्सरी बर्बाद हो रही है। इससे लाखों रुपए के नुकसान होने का अनुमान है। सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के लिए भी अधिकारियों ने कोई पहल नहीं की, यह चिंताजनक है। जिला पंचायत सदस्य अनिमा केरकेट्टा ने बताया कि उन्होंने SDO फॉरेस्ट देवायनी कुजूर को कई बार फोन लगाया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। बांस बाड़ी से आग फैलकर पास के जंगल में भी पहुंच रहा है, जिससे पेड़ों को भी काफी नुकसान हुआ है।

# मामूली विवाद बना हत्या की वजह चिकन सेंटर के कर्मचारी की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चिकन सेंटर के कर्मचारी की हत्या का आरोपी युवक गिरफ्तार हो गया है, पीड़ित के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 20 अप्रैल को पीड़ित के मुर्गे की दुकान में करीबन 01:45 बजे खम्हारडीड निवासी सुनील चौहान मुर्गा लेने आया जिसे मुर्गा तौलकर दिये जाने के बाद सुनील चौहान से पैसा मांगे जाने पर पैसा दे दिया हूं कहकर बहस करने लगा। बहस करते हुए चार्जर पर लगे मोबाईल को रख लिया। जिसे नरेश कुमार धीवर द्वारा देखने पर सुनील चौहान से मोबाईल वापस मांगा गया, तो नरेश धीवर को मां बहन की गाली गलौज देते हुए एक थप्पड़ मारकर धकेलते हुए दुकान के बाहर सीढ़ी में जोर से पटक दिया, जिससे नरेश कुमार घीवर सिर के बल गिरने से उसके सिर में गम्भीर चोट आई और खून बहने लगा जिसे उपचार हेतु माँ शारदा नर्सिंग होम तेलीबांधा ले जाया गया जहां, नरेश कुमार को कोमा में चले जाना बताये जाने पर मेकाहारा ले जाया गया, और वहाँ से डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी होने से प्रार्थी के द्वारा आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कराये जाने पर धारा 296,115 (2) 351 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



विवेचना दौरान प्राथी एवं गवाह के बयान में नरेश कुमार धीवर को आरोपी सुनील चौहान द्वारा जान से मारने की नियत से सिर के बल सीढ़ी के नीचे पटकने से नरेश कुमार धीवर को सिर में आए गम्भीर चोट के कारण कोमा में होना बताया जाने पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 109 बी. एन. एस. जोडी गई। प्रकरण के आहत के गम्भीर अवस्था में डीकेएस सुपर स्पेशलिटी रायपुर में उपचार के दौरान 22 अप्रैल को मृत होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना में नम्बरी मर्ग क्र. 23/25 कायम कर शव का पीएम कराया गया। एवं प्रकरण में धारा 103 (1) बीएनएस जोडी गई। प्रकरण की विवेचना दौरान आरापी सुनील चौहान पिता बलिराम चौहान उम्र 28 वर्ष सा. पार्वती नगर कंचना फाटक के पास थाना खम्हारडीह आज अरेस्ट कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

# रायगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम में सड़क दुर्घटनाओं और मुआवजा दावों पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में शनिवार को सड़क दुर्घटना से जुड़े प्रकरणों की विवेचना और मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) के माध्यम से पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया पर आधारित एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में त्रुटिरहित अपराध विवेचना और न्यायालय में सजा प्रतिशत बढ़ाने के नवाचार प्रयासों के तहत प्रत्येक शनिवार को इस प्रकार की कार्यशाला नियमित रूप से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विवेचकों को अद्यतन जानकारी देना और उनके कौशल को निखारना है।



इस शनिवार आयोजित कार्यशाला में सड़क दुर्घटनाओं और एमएसीटी मामलों पर आधारित न्यायालयीन निर्णयों के विश्लेषण और प्रस्तुति के लिए निरीक्षक नासिर खान (साइबर सेल), सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी (थाना चक्रधरनगर) और प्रधान आरक्षक सतीश पाठक (थाना जूटमिल) को वक्ता के रूप मंह चुना गया। वहीं, विशेष वक्ता के रूप में अधिवक्ता महेंद्र सिंह यादव को आमंत्रित किया गया, जो एमएसीटी मामलों में विशेषज्ञ माने जाते हैं। कार्यशाला के पहले चरण में निरीक्षक नासिर खान और एएसआई नंद कुमार सारथी ने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित प्रकरणों के निर्णयों का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया और पुलिस विवेचना में पाई गई त्रुटियों के साथ-साथ उत्कृष्ठ विवेचना के उदाहरणों पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद पुलिस अधीक्षक पटेल और अन्य राजपत्रित अधिकारियों ने उपस्थित एवं वर्चुअल रूप से जुड़े पुलिस अधिकारियों को त्रुटियों के निराकरण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

दूसरे चरण में अधिवक्ता महेंद्र सिंह यादव ने न्यायालयीन प्रक्रिया में पुलिस विवेचना में अपेक्षित साक्ष्यों और मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में ग्राह्य दस्तावेजों की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे सटीक और सुसंगत साक्ष्य पेश कर पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाया जा सकता है। कार्यशाला में सहभागिता के लिए अधिवक्ता महेंद्र सिंह यादव को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक पटेल ने कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में पीड़ितों को न्याय और उचित क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए विवेचकों को ठोस और तथ्यों पर आधारित विवेचना प्रस्तुत करनी चाहिए।

प्रधान आरक्षक सतीश पाठक ने अपने केस स्टडी के माध्यम से खरसिया और धरमजयगढ़ थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना मामलों की विवेचना के व्यावहारिक अनुभव साझा किए। कार्यशाला में जिला मुख्यालय के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी अपने विवेचकों के साथ सशरीर उपस्थित रहे, जबकि तहसील स्तरीय थानों से अधिकारीगण वर्चुअल रूप से जुड़े। इस नवाचारपूर्ण पहल से पुलिस विवेचना अधिकारियों को सड़क दुर्घटना मामलों में कानूनी प्रक्रिया और साक्ष्य संकलन की बारीकियों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिल रहा है, जिससे पीड़ितों को शीघ्र और प्रभावी न्याय दिलाने में सहायता होगी।

# फर्जी गेट पास से एंट्री कर वारदात को दिया अंजाम, सीआईएसएफ की गिरफ्त में आए बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में कॉपर चोरी का मामला सामने आया है। फर्जी गेटपास से प्लांट में एंट्री कर कार में कॉपर छिपाकर लाया जा रहा था। सीआईएसएफ की जांच में पकड़ाए। इसके बाद भट्टी थाने को सूचना दी गई। इस मामले में भटटी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 220 किलोग्राम कापर वायर एवं घटना मे प्रयुक्त टाटा नैनो कार जब्त किया गया।



मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को भिलाई इस्पात संयंत्र के मेनगेट में समय रात 9 बजे से 11 बजे तक मेन गेट के आउट गेट में वाहन चेकिंग ड्यूटी के लिये एवं समय रात 11 से सुबह 5 बजे तक पीबीएस तैनात किया गया था। समय लगभग रात 10:37 बजे एक व्यक्ति जिसके पास बीएसपी कर्मचारी का गेट पास था, अपनी टाटा नेनो कार सीजी 04 एचयू 6448 से संयंत्र से बाहर जाने के लिये मेनगेट के आउट गेट पर पहुंचा। आउट गेट पर चेकिंग के दौरान प्रधान आरक्षकजीडी विजय कुमार राठौर द्वारा उक्त व्यक्ति से वाहन के दस्तावेजों और ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में पूछताछ कर रहा था, उसी दौरान, वह व्यक्ति अपनी कार छोड़कर बाहर की ओर भागने लगा। भागने के क्रम में उसके पैर में मोच आ गई, जिसके बाद मेनगेट पर ड्यूटी में तैनात बल सदस्यों ने कार चालक को तुरंत पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर पकड़े हुये व्यक्ति ने अपनी पहचान परमेश्वर कुमार, पिता मुरलीधर देवदास, उम्र- 37 वर्ष, निवासी- रिसाली बस्ती, वार्ड क्रमांक 33, दुर्ग (छ.ग.) के रूप में बताया। उसके पास से बीएसपी कर्मचारी संजय कुमार, पर्सनल संख्या 405770, पद- एसीटी, विभाग-यूआरएम के नाम का मूल गेट पास मिला। कार की गहनता से जांच करने पर कार के पिछले हिस्से में कुछ स्क्रैप कापर केबल रखे हुए मिले। कार से बरामद किये गये स्क्रैप कॉपर केबल का कुल वजन 220 किग्रा को भिलाई इस्पात संयंत्र के डीएल कुमार, महा प्रबन्धक/एसएमएस-03 के समक्ष प्रस्तुत करने पर उन्होने बरामद सामग्री को बीएसपी भिलाई की सम्पत्ति के रूप में पहचान की। इसकी अनुमानित कीमत 1,32,000 रुपए बताया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र एक प्रतिबंधित क्षेत्र है जहां से परमेश्वर कुमार, पिता मुरलीधर देवदास, उम्र- 37 वर्ष, निवासी- रिसाली बस्ती, वार्ड क्रमांक 33, दुर्ग (छ.ग.) द्वारा संयंत्र से स्क्रैप कॉपर केबल उठाकर चोरी की नियत से अनाधिकृत रूप से कार में छिपाकर भिलाई इस्पात संयंत्र से बाहर ले जाने की कोशिश कर रहा था जो कि संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। अत: बीएसपी संयंत्र के मेनगेट (आउट गेट) से पकड़े गये व्यक्ति, उसकी टाटा नेनो कार रजिस्ट्रेशन संख्या सीजी 04 एचयू 6448 (चाबी के साथ) एवं उससे बरामद स्क्रैप कॉपर केबल को प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। सूचना पर थाना भिलाई भट्ठी मे अपराध क्र. 56/2025 धारा 303(2), 319(2), 112 बीएनएस एवं 25, 26 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

विवेचना के दौरान आरोपी परमेश्वर कुमार ऊर्फपिंटू से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया जो मेमोरंडम कथन में अपने साथ लक्ष्मी तांडी हर्ष देशमुख और योगेश विश्वकर्मा के साथ मिलकर चोरी करना एंव उक्त चोरी किये माल को पूर्व में शत्रुहन के माध्यम से सुपेला के कैलाश बर्तन वाले के पास कापर वायर को बेचना बताया। आरोपी के मेमोरंडम कथन के आधार पर अन्य आरोपी लक्ष्मी तांडी हर्ष देशमुख एंव योगेश विश्वकर्मा के घर दबिश देकर पकड़ा गया। सभी ने साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी परमेश्वर से चोरी का मशरूका 220 किलो कापर वायर किमती करीबन 132000 रुपए एवं एक नैनो कार क्रमांक सीजी 04 एचयू 6448 किमती करीबन 50000 रुपए जुमला कीमती 1,82,000 रुपए जब्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना भिलाई भटठी राजेश साहू, प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम साहू, आरक्षक विश्वजीत सिंह, बालेन्द द्विवेदी, अमित सिंह, हिरेश साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### यह है पकड़े गए आरोपी

परमेश्वर कुमार ऊर्फ पिंटू पिता मुरलीधर देवदास उम्र 37 साल पता रिसाली बस्ती वार्ड नं 33 शिव चौक रिसाली थाना नेवई जिला दुर्ग (छ.ग.), लक्ष्मी तांडी पिता छोटू तांडी उम्र 37 साल ग्राम जोरातराई शीतला पारा, थाना उतई, जिला दुर्ग (छ.ग.), हर्ष देशमुख ऊर्फ पुष्पेंद्र ऊर्फ चाकलेटी पिता त्रिभुवन देशमुख उम्र 22 साल पता स्टेशन मरोदा आदिवासी कालोनी शिव मंदिर के पास नेवई, थाना नेवई, जिला दुर्ग (छ.ग.), योगेश विश्वकर्मा पिता स्व. दिनेश विश्वकर्मा उम्र 26 साल पता स्टेशन मरोदा शंकर पारा स्टेशन के पास नेवई थाना नेवई जिला दुर्ग (छ.ग.) शामिल हैं।













# छत्तीसगढ़ को शिक्षा का राष्ट्रीय केंद्र बनाने का संकल्प : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- देश के टॉप-100 शैक्षणिक संस्थानों में स्थान दिलाने के लिए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर
- कोरबा, दंतेवाड़ा और रायगढ़ में विकसित होंगे राष्ट्रीय मॉडल कॉलेज, खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को मिलेगा वैश्विक आयाम
- मुख्यमंत्री साय ने उच्च शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को गुणवत्ता के आधार पर देश के टॉप 100 शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किया गया तो अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी पढ़ाई के लिए छत्तीसगढ़ को वरीयता देंगे, जिससे प्रदेश की शैक्षणिक छवि राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ होगी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने निर्देशित किया कि कोरबा, दंतेवाड़ा और रायगढ़ जैसे जिलों में, जहां पर्याप्त डीएमएफ(जिला खनिज निधि) की राशि उपलब्ध है, वहां कुछ महाविद्यालयों को चिन्हित कर, विषय विशेष के राष्ट्रीय स्तर के मॉडल महाविद्यालयों के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे महाविद्यालय न केवल प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए, बल्कि देश-विदेश के विद्यार्थियों के लिए भी अध्ययन का केंद्र बन सकते हैं।

सीएम साय ने नवीन शिक्षा नीति के अनुरूप 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की नीति को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिलब्ध विषय विशेषज्ञों को शिक्षण से जोड़ने से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और समसामयिक जानकारियों का सीधा लाभ मिलेगा। इसी क्रम में उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ को और अधिक उन्नत बनाने हेतु विशेष रणनीति और प्रयास किए जाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. भारतीदासन ने विभागीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उषा योजना के तहत बस्तर विश्वविद्यालय को मेरु योजना (बहु विषयक शिक्षा एवं शोध विश्वविद्यालय) के अंतर्गत 100 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने अवगत कराया कि शिक्षा सत्र 2024-25 से प्रदेश के 7 शासकीय तथा 17 निजी विश्वविद्यालयों, 335 शासकीय और 321 निजी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर दिया गया है। उन्होंने इस नीति के विभिन्न प्रावधानों तथा चल रही प्रमुख गतिविधियों की भी जानकारी दी। उच्च शिक्षा सचिव डॉ. भारतीदासन ने रुसा 1.0 और 2.0 के तहत हुए कार्यों की प्रगति, प्राध्यापकों की विभागीय पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग एवं व्यापमं द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियों की स्थिति तथा आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। आगामी कार्ययोजनाओं में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस', कौशल उन्नयन, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देना तथा कौशल आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना प्रमुख हैं।

इस बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. संतोष देवांगन सहित उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गंभीरता और सक्रियता से काम करें अधिकारी- उप मुख्यमंत्री अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय बालोद प्रवास के दौरान जिले में नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बालोद कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को मौजूदा ग्रीष्म ऋतु में लोगों को पेयजल एवं निस्तारी के लिए पानी की समस्या से जूझना न पड़े, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के पुख्ता उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल समस्या के निराकरण के लिए पूर्वानुमान लगाकर समय पूर्व समस्या के निराकरण की व्यवस्था करने को कहा। सांसद भोजराज नाग भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में बालोद जिले के विभिन्न नगरीय निकायों तथा लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्वीकृत एवं प्रगतिरत् निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में अच्छी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों में पेयजल की व्यवस्था, 15वें वित्त आयोग के कार्यों, नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति और अटल परिसरों के निर्माण की प्रगति की सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी ली। श्री साव ने बालोद नगर पालिका के व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बालोद शहर में जिला मुख्यालय के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा शहरवासियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान सिटी डेव्हलपमेंट प्लान की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शहरवासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप सिटी डेव्हलपमेंट प्लान बनाने के निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी के लिए किया महत्वपूर्ण सुधार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए एक और महत्वपूर्ण सुधार लागू किया है। राज्य के प्रमुख विभागों की 13 सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है, ताकि नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिलें। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर तथा ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल हैं। इस कदम से मंजूरी और अनुमति की प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी होगी, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा।

नई व्यवस्था के तहत, इन 13 सेवाओं के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य होगा। यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। यह प्रणाली न केवल सरकारी कामकाज को गति देगी, बल्कि नागरिकों और व्यवसायियों के बीच सरकार के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगी।

सीएम साय ने कहा है कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ में हर नागरिक और व्यवसायी को सरकारी सेवाएं तेजी से और पारदर्शी तरीके से मिलें। पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत 13 महत्वपूर्ण सेवाओं को शामिल करना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। यह सुधार न केवल जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, बल्कि राज्य में निवेश और विकास को भी नई गति देगा।

## आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने अम्बेडकर अस्पताल का किया निरीक्षण



- अस्पताल के ओपीडी एवं वार्डों का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय का निरीक्षण कर मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर, रेडियो डायग्नोसिस (एक्स-रे) विभाग, डीएसए ब्लॉक, स्त्री एवं प्रसूति रोग वार्ड, नियोनेटल केयर यूनिट (नर्सरी), एचडीयू वार्ड, कैंसर ओपीडी, कीमोथेरेपी कक्ष सहित प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तरों वाले अस्पताल स्थल का अवलोकन भी किया। उन्होंने विभिन्न विभागों में स्थापित चिकित्सा उपकरणों की स्थिति और उनकी कार्यक्षमता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं तथा भोजन व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल के किचन का निरीक्षण कर किचन की स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। साथ ही अस्पताल के विभिन्न विभागों में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियनों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भरे एवं रिक्त पदों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय के ऐसे विभाग, जहां मानव संसाधन की तत्काल आवश्यकता है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संविदा नियुक्ति के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ चर्चा की।

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने कहा कि चिकित्सा एक अत्यंत आवश्यक सेवा है, और अस्पताल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायकों के नलकूप खनन और हैंडपंप स्थापना के 500 प्रस्तावों पर कार्यवाही शुरू

- उप मुख्यमंत्री अरुण साव लगातार भ्रमण कर एवं जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता की खुद कर रहे निगरानी
- विभागीय अधिकारियों को भू-जल स्तर गिरने से प्रभावित विकासखंडों के सभी स्रोतों पर सतत निगरानी रखने और वैकल्पिक व्यवस्था के भी निर्देश





श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने भीषण गर्मी को देखते हुए विधायकों से प्राप्त नलकूप खनन और हैंडपंप स्थापना के प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता को खासतौर पर निर्देशित किया है। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री साव के निर्देश के बाद पीएचई ने विधायकों से प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता तय करते हुए प्रदेशभर में 500 नलकूपों के खनन और हैंडपंप स्थापना के लिए त्वरित कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

उप मुख्यमंत्री साव ने भू-जल स्तर गिरने से प्रभावित विकासखंडों के सभी स्रोतों पर सतत निगरानी रखने और वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी के लिए भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-0008 पर प्राप्त पेयजल समस्या से संबंधित शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

ग्रीष्म काल में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव द्वारा इसकी सक्रिय और सतत निगरानी की जा रही है। वे ग्रामीण इलाकों का लगातार भ्रमण कर एवं जनसंपर्क के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की खुद निगरानी कर रहे हैं। अभी भीषण गर्मी से कई गांवों में जलस्तर गिरने के कारण जल संकट की स्थिति बन रही है। ऐसे गांवों में स्थापित पेयजल व्यवस्था में कठिनाई परिलक्षित हो रही है। इसे देखते हुए उन्होंने भू-जल स्तर गिरने से प्रभावित विकासखंडों के सभी स्रोतों की सतत निगरानी रखने और पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने निवेशकों को दी बड़ी सौगात

# छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को नई रफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। निवेशकों को विभिन्न आवश्यक स्वीकृतियां और सेवाएं अब तय समय-सीमा में प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही, कई नई सेवाओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत अधिसूचित भी कर दिया गया है, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और निवेशकों का विश्वास मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को निवेशकों के लिए देश का सबसे अनुकूल राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है। औद्योगिक विकास से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर भी सृजित होंगे। हमारी सरकार निवेशकों को त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।

राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार, खतरनाक तथा अन्य अपशिष्ट प्रबंधन के तहत अनुमति प्रदान करने के लिए 60 दिन, बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु अनुमति के लिए 60 दिन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वीकृति के लिए 30 दिन और निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु अनुमति के लिए भी 30 दिन की



समय-सीमा तय की गई है। इसी तरह नदी या सार्वजनिक जलाशयों से जल दोहन हेतु अनुमति 300 दिनों में प्रदान की जाएगी, जबकि जल आपूर्ति एजेंसी से जल की अनुपलब्धता का प्रमाण पत्र 90 दिनों के भीतर जारी किया जाएगा।

भवन निर्माण से संबंधित पांच चरणों जैसे भवन योजना स्वीकृति, परिवर्तन या पुनरीक्षण की अनुमति, ध्वस्तीकरण एवं पुनर्निर्माण की अनुमति, प्लिंथ स्तर स्वीकृति तथा अधिभोग/पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए अधिकतम 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसी प्रकार लिफ्ट और एस्केलेटर की स्थापना हेतु पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण के लिए 45 दिन का समय तय किया गया है। स्टार्टअप इकाइयों के पंजीकरण के लिए भी 45 दिन की समय-सीमा तय की गई है।

इसके अलावा, निवेशकों की सुविधा केंद्र और निवेश प्रोत्साहन एजेंसी द्वारा प्रश्नों का प्रत्युत्तर 7 दिनों में तथा प्रश्नों और शिकायतों का निराकरण 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। सेवा क्षेत्र की इकाइयों के प्रश्नों का समाधान भी 7 दिनों में और शिकायतों का निराकरण 15 दिनों में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि निवेशकों की सुविधा के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण और सेवाओं का समयबद्ध निपटारा छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है। हमें विश्वास है कि इससे छत्तीसगढ़ देश के औद्योगिक नक्शे पर और अधिक तेजी से अपना स्थान बनाने में सफल होगा।

गौरतलब है कि अब तक जिन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित नहीं किया गया था, उन्हें इस आदेश के माध्यम से अधिसूचित माना जाएगा। यह आदेश राज्य में लागू हो चुका है। छत्तीसगढ़ शासन का यह प्रयास औद्योगिक विकास के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी बनाने की दिशा मे मददगार साबित होगा।

## किशोर न्याय तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण कानूनों पर कार्यशाला सह परिचर्चा आयोजित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में आज महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला-सह-परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती राजवाड़े ने कहा, बच्चों के अधिकारों की रक्षा छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाल संरक्षण से जुड़े प्रत्येक मामले में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई बेहद आवश्यक है। संबंधित विभाग समन्वय के साथ लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी मामलों को गंभीरता से लें ताकि जो बच्चे बाल सुधार गृह तथा अन्य स्थानों पर हैं वह पुनः अपराध न करें। श्रीमती राजवाड़े ने सभी को बाल विवाह रोकने शपथ भी दिलाई और बताया कि छत्तीसगढ़ में लगातार बाल विवाह में गिरावट आ रही है जिसे सबके सहयोग से हमें शून्य तक ले जाना है। कार्यशाला की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने की। डॉ. शर्मा ने कहा कि हर बच्चा एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण का हकदार है। हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि हम कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950